इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव







वर्ष- 43 अंक -165 राजनांदगांव, गुरूवार 02 मई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## अमित शाह ने जनसभा को किया संबोधित, कहा- अपनी बहन के साथ गए थे राहुल, अंधेरे में लगवाई थी कोविड वैक्सीन



कोरबा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में पहुंचे। हेलीकॉप्टर से वह कटघोरा के हाईस्कूल मैदान में पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। कटघोरा के मेला मैदान में जनता को संबोधित करते हुए शाह ने लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष में वोट मांगे। इस दौरान भाजपा के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। अमित शाह का भाषण सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के भूपेश कक्का की सरकार नक्सलवाद को बढ़ावा देती रही, लेकिन हमारे विष्णुदेव साय की सरकार बनने के बाद चार महीने में ही 95 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। 350 गिरफ्तार हुए और कई ने सरेंडर कर दिया। पीएम मोदी ने झारखंड, ओडिशा, बिहार, तेलंगाना, आंध्र, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से नक्सलवाद को पांच साल में समाप्त किया है। छत्तीसगढ़ छूट गया था, क्योंकि यहां भूपेश कक्का की सरकार थी। आप मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दीजिए, दो साल में ही नक्सलवाद को हम जड़ से उखाड़ कर फेंक देंगे।

अमित शाह ने कहा, अभी 2 चरण के चुनाव हुए हैं। इन 2 चरणों में मोदी जी सेंचुरी मारकर बहुत आगे निकल गए हैं। तीसरे चरण में हमे 400 पार की दिशा में आगे बढ़ना है। चुनाव जीतने के लिए इस देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का पोषण कांग्रेस वर्षों से कर रही है, लेकिन अब आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। यहां आपने भाजपा की सरकार बनाई है, केंद्र में भी मोदी जी की सरकार तीसरी बार बनने वाली है, उसके बाद नक्सलवाद को जाना ही पड़ेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, छत्तीसगढ़ प्रभु राम का ननिहाल है। कांग्रेस 70 साल से अटका रही थी, लटका रही थी, भटका रही थी। छत्तीसगढ़ वालों ने 11 में से 9 सीटें देकर नरेंद्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और उन्होंने पांच साल में ही केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा करके जय श्रीराम कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पीएम मोदी के पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड और 25 साल का एजेंडा है। पीएम मोदी ने लोगों को टीका देकर कोविड को खत्म कर दिया है। राहुल बाबा कहते थे कि यह मोदी वैक्सीन है और लोगों से इसे न लेने के लिए कहते थे, लेकिन अच्छा हुआ कि किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। एक दिन वह अपनी बहन के साथ गए और अंधेरा होने पर टीका लगवाया।

शाह ने कहा, पीएम मोदी के पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड भी है और 25 साल का एजेंडा भी है। छत्तीसगढ़ ज्यादातर पिछड़ा वर्ग, दलित और आदिवासी भाई-बहनों का क्षेत्र है। पीएम मोदी ने 2014 में कहा था कि हमारी जो सरकार बनेगी, वो गरीबों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों की होगी।

### कांग्रेस फेक वीडियो बनाकर कर रही प्रचार : नहीं हटेगा आरक्षण

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, कांग्रेस उनका फेक वीडियो बनाकर प्रचार प्रसार कर रही है, लेकिन जनता जानती है कि सच्चाई क्या है। आने वाले दिनों में फिर से कमल खिलेगा और भाजपा की सरकार बनेगी।

अमित शाह ने कहा, जब तक भाजपा का एक भी सांसद भारत की संसद में है, एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को न हम हटाएंगे और न कांग्रेस को हटाने देंगे। ये मोदी की गारंटी है।

## सीबीआई की ऐप-आधारित धोखाधड़ी निवेश योजना के खिलाफ 10 राज्यों में छापेमारी




चेन्नई। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को ऐप-आधारित कथित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना से संबंधित एक मामले की जांच के दौरान देश के 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे।

इस दौरान सीबीआई को लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और अन्य अहम चीजें बरामद हुईं।मामले में सीबीआई ने बताया कि एचपीजेड टोकन ऐप से जुड़ी निवेश योजना के मामले में कथित धोखाधड़ी के मामले में मिली शिकायत पर उसने मामला दर्ज किया था।

सीबीआई ने बताया कि यह मुकदमा दो प्राइवेट कंपनियों और उनके निदेशकों तथा अन्य आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया। मुकदमा भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 419,420 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 66 डी के तहत दर्ज किया गया। आरोप है कि शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड - अपने निदेशकों के साथ एचपीजेड टोकन ऐप से संबंधित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में आरोपी संलिप्त थे।

इस योजना में जनता को गैर-मौजूद क्रिप्टो-मुद्रा माइनिंग मशीन किराये में निवेश करने के लिए गुमराह करना शामिल था। एचपीजेड एक ऐप-आधारित टोकन है जो उपयोगकर्ताओं को बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टो करेंसी के लिए माइनिंग मशीनों में निवेश करके बड़े लाभ का झांसा देते हैं। इसके तहत सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर, जोधपुर, बेंगलुरु, मुंबई, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, बिहार और मध्य प्रदेश में 30 ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान टीम को बड़ी संख्या में ईमेल अकाउंट के बारे में भी जानकारी मिली। सीबीआई का आरोप है कि एचपीजेड एक ऐप आधारित टोकन है। जो लोगों को बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टो करेंसी के लिए माइनिंग मशीन में निवेश करने में बड़ा फायदा होने का दावा करता है।

सीबीआई ने बताया कि जालसाजों ने कथित तौर पर एक कार्यप्रणाली का इस्तेमाल किया जो पीड़ितों को बिटकॉइन खनन में उनके निवेश पर भारी लाभ मिलने के बहाने एचपीजेड टोकन ऐप में निवेश करने के लिए लुभाता था। सीबीआई की अभी तक की जांच से पता चला है कि आरोपियों से संबंधित लगभग 150 बैंक खातों का इस्तेमाल निवेशकों से धन इकट्ठा करने के लिए किया गया था। इन फंडों का उपयोग शुरू में निवेशकों को विश्वास में लेने के लिए भुगतान करने के लिए किया जाता था, फिर अवैध रूप से देश से बाहर स्थानांतरित किया जाता था। अक्सर इन फंड को क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम में परिवर्तित किया जाता था या फिर हवाला लेनदेन के माध्यम से स्थानांतरित किया जाता था।

## कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता का राधिका खेड़ा का रोते हुए वीडियो वायरल, बोली- मेरी इनसल्ट हुई, मैं पार्टी से दे रही हूं इस्तीफा



रायपुर। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के एक ट्वीट से पार्टी में हलचल पैदा कर दी है। उन्होंने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा है कि कौशल्या माता के मायके में बेटी सुरक्षित नहीं है। पुरुषवादी मानसिकता से ग्रसित लोग आज भी बेटियों को पैरों तले कुचलना चाह रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा है कि इस बारे में खुलासा करेंगी। उनके ट्वीट से यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने यह बात किसके लिए लिखी है। इस दौरान राधिका खेड़ा का एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें वो रो रही हैं।

### वीडियो में राधिका खेड़ा ने कही ये बात

इसी वीडियो में राधिका खेड़ा की आवाज आ रही है, जिसमें वो फोन पर किसी से बात करते हुए बोल रही हैं, सर ऐसा नहीं है। मैं पार्टी छोड़ के जा रही हूं। आज जो मेरे साथ बदतमीजी हुई है। अपने 40 साल के लाइफ में ऐसा नहीं हुआ है। सर मेरी इनसल्ट हुई। मेरे ऊपर चिल्लाया गया है। उसका वीडियो भी बनाया गया और मुझे गेट आउट होने को बोला गया। वो मेरे ऊपर लगातार चिल्लाता है। मैंने आपको पहले भी बताया था। मैं पार्टी से भी इस्तीफा दे रही हूं।

कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला से इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस भवन में राधिका खेड़ा और किसी अन्य नेता के बीच विवाद की उनको जानकारी नहीं है। राधिका खेड़ा जी ने किसको लेकर ट्वीट किया है यह वे ही बेहतर बता पाएंगी। हो सकता है उन्होंने किसी भाजपा नेता के बारे में लिखा हो। यह स्पष्टता उनके बयान के बाद ही आ पाएगी।

### राधिका खेड़ा के वीडियो पर भाजपा हुई हमलावर

इधर, राधिका खेड़ा का वीडियो वायरल होते ही भाजपा कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। भाजपा ने एक्स हैंडल पर हमला बोलते हुए कहा, लड़की हूं लड़ सकती हूं की बात करने वाली प्रियंका गांधी देखिये कांग्रेस पार्टी में महिलाओं का हाल। पूर्व में भी कांग्रेस पार्टी में महिलाओं के साथ अत्याचार की खबरें आती रही हैं। ओछी मानसिकता से ग्रसित कांग्रेस पार्टी में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं।

## अमेठी-रायबरेली के उम्मीदवारों के नाम 24 घंटे में होंगे तय-कांग्रेस



नई दिल्ली। राहुल गांधी अमेठी और प्रियंका गांधी रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं। सूत्रों से मिली खबर के मुताबिक, दोनों नेताओं को उत्तर प्रदेश की इन दो अहम सीटों से चुनाव लड़वाने का पार्टी मन बना चुकी है। इस बारे में जल्द ही औपचारिक ऐलान हो सकता है। माना जा रहा है कि सोनिया गांधी ने राहुल और प्रियंका से दोनों सीटों पर चुनाव लड़ने को कहा है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अलावा अमेठी और रायबरेली के स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने भी पिछले दिनों नेतृत्व से आग्रह किया था कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को इन सीट से चुनाव लड़ना चाहिए।

2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी में स्मृति ईरानी से हार गए थे, जबकि रायबरेली से सोनिया गांधी जीती थीं, लेकिन इस बार उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया। वे अब राज्यसभा सदस्य हैं। वहीं, राहुल गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से भी चुनाव लड़ रहे हैं। पिछली बार वे वायनाड से ही जीते थे। वायनाड में मतदान हो चुका है। अमेठी और रायबरेली में 20 मई को मतदान है।

### तीन मई नामांकन की अंतिम तारीख

अमेठी और रायबरेली में 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसकी आखिरी तारीख तीन मई है, लेकिन कांग्रेस की ओर से अब तक उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है। भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को अमेठी से एक बार फिर उम्मीदवार घोषित किया है। स्मृति ने 29 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र भी दाखिल किया था। हालांकि, भाजपा ने रायबरेली से अभी अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 20 साल बाद संजय निरुपम की होगी 'घर वापसी', 3 मई को शिंदे की शिवसेना करेंगे ज्वाइन



मुंबई। कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके संजय निरुपम ने शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने 3 मई को शिवसेना में शामिल होने का ऐलान किया। दो दशक बाद संजय निरुपम की शिवसेना में घर वापसी होगी। उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की है कि 20 साल बाद वह शिवसेना में घर वापसी करने वाले है।

20 साल बाद घर वापसी से खुश हूं- निरुपम

मुंबई में सीएम शिंदे से मुलाकात के बाद संजय निरुपम ने कहा, आगे क्या करना है, इस पर व्यापक चर्चा हुई है। शुक्रवार शाम में वह शिवसेना पार्टी में शामिल होंगे। मुंबई के उत्तर भारतीय मतदाताओं में निरुपम की अच्छी पकड़ मानी जाती है।

पत्रकारों से बात करते हुए निरुपम ने कहा, आज मैं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निमंत्रण पर बालासाहेब भवन में उनसे मिला। उनसे मुलाकात के दौरान आगे क्या करना है और कैसे काम करना है, इस पर विस्तृत चर्चा हुई। शिवसेना में शामिल होने के बाद पार्टी के सभी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किए रामलला के दर्शन, आरती में हुई शामिल, सरयू तट का भी किया भ्रमण



अयोध्या। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किए रामलला के दर्शन किए। रामलला के दर्शन करने के बाद वह संध्या आरती में भी शामिल हुईं। उन्होंने मंदिर के अंदर काफी वक्त गुजारा। इसके पहले उन्होंने हनुमान गढ़ी के दर्शन करने के साथ सरयू तट पहुंचकर आरती भी की थी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अयोध्याधाम पहुंचीं और सबसे पहले हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। यहां उन्हें पुजारी राजू दास ने चांदी की गदा, चांदी का राम दरबार और गाय का प्रतिरूप भेंट किया। हनुमानगढ़ी का दर्शन करने के बाद राष्ट्रपति सरयू घाट के आरती स्थल पर पहुंचीं। जहां उन्होंने महाआरती में भाग लिया।

सरयू घाट पर चारों तरफ वेद मंत्रों की गूंज सुनाई दे रही है। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और यूपी सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही मौजूद हैं। इसके पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पहुंचीं। जहां उनका स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति अयोध्या धाम के लिए रवाना हुईं। एयरपोर्ट से लेकर अयोध्या धाम तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह आवागमन रोका गया है।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डीपफेक वीडियो मामले में एक्शन, झारखंड कांग्रेस का 'एक्स' अकाउंट सस्पेंड



नई दिल्ली। देश में लोकसभा चुनाव की धूम मची है। इस बीच कांग्रेस को करारा झटका लगा है। एक्स (पूर्व ट्विटर) ने झारखंड कांग्रेस के अकाउंट पर कार्रवाई की है। एक्स ने पार्टी के हैंडल को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल, झारखंड कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का डीपफेक वीडियो पोस्ट किया था। जिसके बाद एक्स की ओर से एक्शन लिया गया।

### तेलंगाना सीएम रेड्डी को किया तलब

चुनाव के बीच अमित शाह के एडिटेड वीडियो का मामला गरमा गया है। जांच शुरू की गई है। डीपफेक वीडियो की जांच के लिए झारखंड, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हरियाणा और नागालैंड में दिल्ली पुलिस की अलग-अलग टीमें पहुंची हैं। फेक वीडियो के मामले में पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, तेलंगाना कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवा शंकर, पार्टी प्रवक्ता अस्मा तस्लीम, नवीन और माने सतीश 1 मई को द्वारका स्थित दफ्तर में उपस्थित होने कहा था। सभी को अपने इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर आने के लिए कहा गया था। नोटिस के जवाब में सीएम समेत चार अन्य लोगों ने 15 दिन की मोहलत मांगी है।

16 लोगों को भेजा गया नोटिस

पुलिस अब तक आठ प्रदेशों के 16 लोगों को पूछताछ में शामिल होने के लिए नोटिस भेज चुकी है। फेक वीडियो में गृहमंत्री अमित शाह को आरक्षण को असंवैधानिक बताते हुए खत्म करने का कहते हुए दिखाया गया है। असल वीडियो में शाह एससी, एसटी और ओबीसी रिजर्वेशन को बनाए रखने की बात कहते हैं। फेक वीडियो वायरल होने के बाद गृह मंत्रालय ने 28 अप्रैल को इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटजिक ऑपरेशंस को शिकायत दी थी।

## सचिन पायलट भाजपा पर हमला, कहा- खुद के लिए 15 वर्ष और सेना के जवानों के लिए सिर्फ चार वर्ष दे रही भाजपा




अम्बिकापुर। दो दिवसीय सरगुजा दौरे पर पहुंचे छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने बुधवार को अंबिकापुर नगर के राजीव भवन में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन को सबसे ज्यादा सीट मिल रही हैं। भाजपा कुछ भी प्रचार-प्रसार कर ले झूठ पर हमेशा सच भारी पड़ता है। हमारी एकजुटता भाजपा पर भारी पड़ रही है। छत्तीसगढ़ में पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद भाजपा नेता 400 पार बोलना बंद कर दिए हैं। वह समझ गए हैं कि उनकी जमीन खिसक गई है।

सचिन पायलट ने कहा, 10 साल में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला था, लेकिन उसने हर वर्ग को जुमले वाला आश्वासन दिया और धरातल पर कुछ नहीं कर सके। इनके भाषण भी बौखलाहट वाले होते हैं। इतने दशक बीत गए किसान आज भी दलाल के चक्कर और सही मूल्य के लिए तरस रहा है। इनके लिए हम कानून बनाएंगे। भाजपा खुद के लिए 15 वर्ष और सेना के जवानों के लिए सिर्फ 4 वर्ष दे रही है, इसे हम समाप्त कर रेगुलर भर्ती करेंगे। हर गरीब परिवार को एक लाख रुपये देंगे। श्रमिकों को कम से कम 400 रुपये मिले, इसके लिए भी हम योजना बनाएंगे।

सचिन पायलट ने आगे कहा, मैं पहली बार देख रहा हूं कि सत्ता में बैठे लोग विपक्ष पर आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने इस देश के लिए क्या-क्या किया है यह लोगों से छिपा नहीं है और आज भाजपा महिलाओं का मंगलसूत्र छीनने की बात कहकर लोगों को गुमराह कर रही है। भाजपा मंदिर-मस्जिद की बात करती है हम मनरेगा और रोजगार की बात करते हैं।

सचिन पायलट ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने इस बार कई नौजवानों को सांसद का टिकट दिया है, जिसमें सरगुजा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी शशि सिंह पूरे देश में सबसे कम उम्र की उम्मीदवार हैं। शशि सिंह को जिताने के लिए पूरी पार्टी बहुत मेहनत कर रही है। छह दिन के बाद तीसरे चरण का मतदान होगा। शशि सिंह को निश्चित ही यहां की जनता का पूरा समर्थन मिलेगा।

प्रेस वार्ता को यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास ने भी संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस ने क्रांतिकारी मेनिफेस्टो दिया है। देश की जनता संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए इस बार वोट डालेगी। इंडिया गठबंधन सबसे ज्यादा सीट जीतेगी और शशि सिंह भी सरगुजा लोकसभा सीट से अच्छी मार्जिन से जीत दर्ज करेंगी।

प्रेस वार्ता में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी चंदन यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्यतेश्वर शरण सिंह देव, पूर्व विधायक प्रीतम राम, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बालकृष्ण पाठक, अजय अग्रवाल, जेपी श्रीवास्तव, सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, आशीष वर्मा, अनूप मेहता सहित अन्य मौजूद थे।

# एक मई मजदूर दिवस के दिन शहर में नहीं निकली मजदूरों की रैली

राजनांदगांव(दावा)। एक मई को पूरी देश-दुनिया में मजदूर दिवस धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मजदूरों के समर्थन में रैलियां निकाली जाती है। मजदूर नेताओं द्वारा भाषण की जाती है। लेकिन शहर में ऐसा कुछ नहीं देखने को मिला। एक मई मजदूर दिवस पर न तो किसी स्थान पर मजदूर एकत्रित नजर आए और न मजदूरों नेताओं का कहीं दर्शन मिला। कुल मिलाकर देखा जाए तो मजदूरों के लिए एक मई को मनाया जाने वाला मजदूर दिवस फीका-फीका ही रहा। केवल औपचारिकता के लिए मजदूर किसान हितैषी कांग्रेस नेताओं ने बोरे-बासी खाकर मजदूर दिवस मनाने का कार्य किया है।

### मजदूर दिवस से अनजान मजदूर

बता दें कि एक मई मतलब मजदूरों का दिन, लेकिन इस मई दिवस से कई मजदूर अनजान हैं। या तो उन्ह ट्रेड यूनियनों के नेताओं ने बताया ही नहीं है या फिर इन मजदूरों के सामने उनकी नेतागिरी चलती नहीं है। जयस्तंभ चौक में एकत्रित होने वाले मजदूर यह मई दिवस क्या है, इसे जानते ही नहीं है।इन मजदूरों को सिर्फ अपने काम मिलने की चिंता रहती है। देश-प्रदेश में किसी की भी सरकार बने इन्हें तो रोजाना दिहाड़ी मजदूर के रूप में जी-तोड़ मेहनत कर के अपना घर-परिवार चलाना है। आजादी के पचहत्तर सालों बाद इन मजदूरों की दशा व दिशा बदली है अथवा नहीं इनको खुद ही पता नहीं है।



○ कांग्रेस नेताओं ने बोरे बासी खाकर मनाया मजदूर दिवस
○ मजदूरों से संबंधित नहीं हुए कोई कार्यक्रम

बड़ी बात यह रही कि जयस्तंभ चौक में बड़ी संख्या में मजदूरी काम के लिए एकत्रित होने वाले मजदूरों के लिए छांव तक की व्यवस्था नहीं है। चौक में उनके उठने-बैठने के लिए जगह तक नहीं है। पिछले सरकार के समय उन्हें सस्ते भोजन नाश्ता दिए जाने की व्यवस्था की गई थी। वह सरकार जाने के साथ ही खत्म हो गया। कुछ दिनों पूर्व जानने में आया था कि इन दिहाड़ी मजदूरों के लिए जगह बदल दी गई है।

इन्हें फ्लाई ओवर के नीचे बैठने के लिए व्यवस्था दी गई है लेकिन यह जमीन पर नहीं उतर पाया। बेचारे गर्मी और बारिश के दिनों में बड़ी परेशान से समय गुजारते हैं। कभी कभी तो काम नहीं मिलने पर उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। हालांकि सरकार दावा करती है कि मजदूरों के कल्याणार्थ कई योजनाएं संचालित हो रही है, लेकिन क्या वजह है कि मजदूर आज भी मजदूर और मजबूर बने हुए हैं। इनकी दशा और दिशा सुधरती क्यों नहीं?

### बोरे बासी की धूम

शहर में कांग्रेस नेताओं ने एक मई को बोरे बासी खाकर मजदूर दिवस मनाया। शहर की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने अपने महिला पार्षदों व कुछ बुजुर्गों व नेताओं सहित बोरे बासी खाकर छत्तीसगढ़ के इस खास व्यंजन का स्वाद लेकर मजदूर दिवस को सार्थकता दी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धनेश पाटिला, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रुपेश दुबे आदि नजर आए। बताया जाता है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कहा गया है कि एक मई को सभी जगह बोरे बासी खाकर मजदूर दिवस मनाना है। श्री बघेल की कही गई बातों का अनुसरण किया गया। भीषण गर्मी के दिनों में बोरे बासी के खान से हृदय को ठंडकता मिली। मजदूर दिवस के दिन 'बटकी में बासी, कटोरिया में नून' की गूंज कम से कम सुनाई तो दी।

## गृह मंत्री अमित शाह का हुआ स्वागत...



राजनांदगांव (दावा)। रायपुर एयरपोर्ट में गृह मंत्री अमित शाह का एयरपोर्ट में डिप्टी सीएम अरुण साव व भरत वर्मा ने स्वागत किया।

## ओड़िशा में प्रचार अभियान में जुटे अब्दुल कलाम खान

राजनांदगांव(दावा)। द्वितीय चरण के तहत राजनांदगांव लोकसभा में मतदान संपन्न होने के बाद नेशनल को-ऑडिनेटर ओड़िशा प्रभारी अब्दुल कलाम खान ओड़िशा में कांग्रेस के प्रचार अभियान में जुट गए हैं। 28 अप्रैल को सलेपुर में राहुल गांधी की सभा आयोजित हुई।



ओड़िशा में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ हो रहे हैं। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार बनते ही महिलाओं को एक लाख और ओड़िशा में कांग्रेस की सरकार बनने पर हर महिला को 24 हजार रुपये साल देने का वायदा किया है। इस तरह यहां कांग्रेस हर महिला को 1 लाख 24 हजार रुपए देगी। अब्दुल कलाम खान ने भी इस सभा में मंच साझा किया। अब्दुल कलाम खान ने कहा कि ओड़िशा प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति काफी मजबूत है। यहां कांग्रेस ने कई जनहितैषी योजनाओं को घोषणा पत्र में शामिल किया है। इसमें महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपए, बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3,000 रुपए, 200 यूनिट फ्री बिजली, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और धान के लिए 3,000 रुपए क्विंटल का वायदा पार्टी ने किया है। उन्होंने कहा कि, निःसंदेह इस बार इंडिया गठबंधन बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश में अपना डंका बजाएगा। इसी तरह ओड़िशा में भी कांग्रेस की सरकार बनेगी।

## पहला कॉलम...

### प्राची गढ़पायले ने कक्षा 5 वीं में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बनाया सुयश



राजनांदगांव (दावा)। शहर के स्टेशन पारा क्षेत्र की रहने वाली छात्रा प्राची गढ़पायले ने कक्षा 5 वीं में 100 प्रतिशत अंक लाकर अपना सुयश बनाया है।

सुश्री प्राची गढ़पायले शहर के अंग्रेजी माध्यम स्कूल गायत्री विद्यापीठ की छात्रा है। उन्होंने अंग्रेजी की कक्षा 5 वीं (ब) में 100 प्रतिशत लाकर अपना व स्कूल का नाम ऊंचा किया है। सुश्री प्राची अपने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता- पिता व गायत्री विद्यापीठ के शिक्षक- शिक्षिकाओं को देती है। स्टेशन पारा निवासी निर्जय गढ़पायले व श्रीमती कविता गढ़पायले की सुपुत्री प्राची गढ़पायले की इस शानदार उपलब्धि पर उनके घर परिवार के लोगों सहित ईष्ट-मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उसे बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### कुन्ती पाटल का निधन



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम डीलापहरी निवासी कुन्ती पाटल (60 वर्ष) का आज 30 अप्रैल को तकरीबन सुबह 3:00 बजे दिन मंगलवार को निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा आज 30 अप्रैल दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे उनके निज निवास स्थान ग्राम डीलापहरी से निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम डीलापहरी स्थित मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। ज्ञात हो कि वे राजनांदगांव प्रेस क्लब कर्मचारी घनश्याम पाटल के माता जी थे।

### बीआर गौतम का निधन



राजनांदगांव (दावा)। भारत संचार निगम लिमिटेड, राजनांदगांव में वर्षो पदस्थ रहे सेवानृवित्त कर्मचारी बीआर गौतम का मंगलवार 30 अप्रैल की रात रायपुर में निधन हो गया है, वह कई दिनों से अस्वस्थ थे। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्रों जितेंद्र, योगेंद्र तथा धीरेंद्र का भरापुरा परिवार छोड़ गए है। वे बैंक ऑफ बड़ौदा में पदस्थ योगेंद्र गौतम के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान श्रीराम कॉलोनी मोतीपुर, रामनगर वार्ड नंबर 7 से निकली, लखोली मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें वार्डवासी उपस्थित रहे।

## मनरेगा श्रमिकों का किसान कांग्रेस ने किया सम्मान





राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर मजदूरों के साथ जिला किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बोरे-बासी खाकर मजदूरों का मान बढ़ाया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक भोजन को इस विशेष दिवस से जोड़कर देशभर में इसे नई पहचान दिलाई थी। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर किसान कांग्रेस ने जनपद पंचायत डोगरगांव के ग्राम पंचायत कोपेडीह के आश्रित ग्राम आलीखुंटा में मनरेगा के मजदूरों का सम्मान भी किया। उसी कड़ी में आज शहर उत्तर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली ने बोरे बासी खाकर श्रमिक दिवस मनाया।

**बोरे बासी खाकर मनाया मजदूर दिवस**

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि, हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ की परंपरा और लोक संस्कृति को जीवित रखने का है। इस प्रदेश में मजदूर वर्ग को सबसे अधिक सम्मान दिया जाता है। बोरे-बासी एक ऐसा व्यंजन है जो सभी वर्गों में समान तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। यह भेदभाव से परे है। इसलिए ही कांग्रेस ने इसके जरिए मजदूर वर्ग को सम्मान देने का प्रयास शुरु किया था। उन्होंने कहा कि, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शुरु की गई यह मुहिम सार्थक है।

## कोर्ट ने तीन आरोपितों को रिमांड पर, दो को भेजा जेल, जल्द और लोगों की हो सकती है गिरफ्तारी

रायपुर। बहुचर्चित महादेव आनलाइन सट्टा एप घोटाले में गिरफ्तार पांच आरोपितों को रिमांड के बाद मंगलवार को कोर्ट में किया पेश गया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद निलंबित पुलिस एएसआइ चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर समेत सुनील दम्मानी को पांच दिन के लिए ईओडब्ल्यू की रिमांड पर सौंप दिया गया। वहीं, आरोपित राहुल वकटे और रितेश यादव को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। ईओडब्ल्यू ने जेल में बंद पुलिस के निलंबित सिपाही भीम सिंह और कारोबारी अमित अग्रवाल को प्रोडक्शन वारंट पर रिमांड लेने के लिए आवेदन लगाया है। सभी आरोपितों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा रही है। इनसे कई अहम जानकारी हाथ लगी है। आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि हर माह करोड़ों रुपये बांटे जाते थे। कई स्तर पर यह पैसे भेजे जाते रहे। जल्द ही और लोगों की गिरफ्तारी तय मानी जा रही है।

प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की शादी और उसके द्वारा हर साल सेलिब्रेट की जाने वाली पार्टी में शामिल होने के लिए विदेश जाने वालों की सूची ईओडब्ल्यू बना रहा है, जिनसे ईडी ने पूछताछ की है। जो ईडी की जांच के दायरे में नहीं आए हैं, ऐसे लोगों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। इनमें कई बड़े कारोबारी, स्कूल-कालेज संचालक से लेकर अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं।

रायपुर पुलिस ने भी महादेव सट्टा की जांच तेज कर दी है। सात दिनों के भीतर 21 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे पुलिस को कई अहम जानकारी हाथ लगी है, जिनकी पड़ताल की जा रही है। इसमें टेलीकाम कंपनी और बैंक के अधिकारियों की भूमिका की जांच की जा रही है। बैंक के अधिकारियों को बुलाकर पूछताछ की जाएगी। बैंकों ने बिना फिजिकल वेरीफिकेशन के खाते खोल दिए। इसके अलावा जिन खातों में अचानक लाखों रुपये का लेन-देन शुरू हुआ, उनकी जानकारी इनकम टैक्स विभाग को नहीं दी गई।

**IN THE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR**
**Caveat Application No. of 2024**
IN
**W.P.C. NO. of 2024**

APPLICANT (Proposed Respondent) : Sachin Singh Baghel, Age – 68 Years, S/o. Late Sajjan Singh Baghel, R/o. – 65, Shristi Colony, Rajnandgaon, District – Rajnandgaon (C.G.)

**VERSUS**

NON-APPLICANTS (Proposed Petitioners) : **1.** Registrar Co-operative Societies, Chhattisgarh, Office of the Head of Department, Indrawati Bhawan, Nawa Raipur, Atal Nagar, District - Raipur (C.G.)
**2.** District Co-operative Central Bank, Rajnandgaon, Through Chief Executive Officer, Dist.-Rajnandgaon (C.G.)
**3.** Public at Large

**CAVEAT APPLICATION UNDER SECTION 148 (A) OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE**

The above-named applicant respectfully submits as under: -
1.That, the applicant is an elected member of the Board of Directors, District Co-operative Central Bank, Rajnandgaon and the Board of Directors have been duly elected on 06-06-2016, thereafter, the applicant along with other members of the board were performing their duties diligently and in the interest of the bank. However, with a malafide intention based on false facts the Non-Applicant No. 01 has initiated proceedings for the removal/suspension of the Board of Directors.
2.That, on 20-05-2021, the Non-Applicant No. 01 has passed an order under Section 53 (1) of the Chhattisgarh Co-operative Societies Act, 1960 for the removal/suspension of the Board. Thereafter, an appeal has been preferred by the applicant along with other members of the board before the learned Chhattisgarh State Co-operative Tribunal, Bilaspur against the order dated 20-05-2021, wherein the learned tribunal vide order dated 12-03-2024 by allowing the appeal of the applicant quashed the order dated 20-05-2021 passed by the non-applicant No. 01, finding that the mandatory statutory provisions have not been complied while passing of the order. A Copy of the Order dated 12-03-2024 passed by the learned Chhattisgarh State Co-operative Tribunal, Bilaspur is annexed herewith as ANNEXURE C-1.
3.That, the Proposed Petitioner may approach the Hon'ble High Court by filing an appropriate proceeding against the order dated 12-03-2024 and also pray for ad-interim stay against the order passed by the learned tribunal.
4.That, the present applicant is filing the instant application for an opportunity of hearing before passing any order in event of filing of any nature of proceedings by the Proposed Petitioner (non-applicant) against the order dated 12-03-2024.
5.That, the notice of filing of this Caveat Application has already been published in the newspaper for the information to the Non-applicants (Proposed Petitioners) and the Copy of the Publication in the Newspaper of the same is annexed herewith as ANNEXURE C-2.

**PRAYER**

It is therefore, prayed that the Hon'ble Court may kindly be pleased to allow this application and provide an opportunity of hearing before passing any order, in the interest of justice.

Bilaspur (C.G)
Date: 01-05-2024

**(Rajendra Patel)**
Counsel for the Applicant

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक 202404092200032**
**मामले की श्रेणी- राजस्व**
विषयः- ब- 121 सन् :- 2023-2024
डोंगरगढ़ (प.ह.न. 00025)
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- रोशन लाल वर्मा
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोशन लाल वर्मा आ. गिरधर लाल वर्मा जाति लोधी उम्र 42 वर्ष निवासी आजाद वार्ड नम्बर 01 संलग नाला के पास, कन्या शाला रोड डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम डोंगरगढ़ प.ह.नं. 25 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 1668 में ख.नं.83/23 रकबा 0.0130 हे. (1399.31 वर्गफुट) कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 0.0130 हे. (1399.31 वर्गफुट) भूमि राजस्व अभिलेख में रोशनलाल वर्मा पिता गिरधर लाल वर्मा जाति लोधी सा. बेलरगोंदी तहसील छुरिया के नाम दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.05.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.04.2024 को जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**तहसील - डोंगरगढ़**

## बाल विवाह एक सामाजिक बुराई, कुप्रथा को रोकने, कलेक्टर ने की अपील

### बाल विवाह होने पर दे सकते हैं प्रशासन कों सूचना

मोहला(दावा)। कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत बाल विवाह को रोकने के लिए जिले के नागरिकों से अपील किया है। कलेक्टर ने अपील करते हुए कहा कि जिले के अंतर्गत यदि कहीं बाल विवाह का आयोजन होता है, तो इसे रोकने के लिए आगे आयें। जिले के कोई भी नागरिक बाल विवाह को रोकने के लिए जिला प्रशासन या महिला बाल विकास विभाग को सूचना दे सकते हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सभी परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी के मुख्य नगर पालिकाधिकारी को बाल विवाह रोके जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया है।

## गायत्री विद्यापीठ में एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण का शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 2 मई दिन गुरूवार से किया जा रहा है। जिसमें लगभग 600 प्रशिक्षणार्थी शामिल होंगे, जिन्हें 38वीं बटालियन के 10 अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**2 मई से 21 मई तक 20 दिवसीय प्रशिक्षण**

विद्यालय के क्रीडा अधिकारी अखिलेश मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय में सभी प्रशिक्षणार्थियों को अनुकूल वातावरण प्राप्त होगा। आरंभ से ही यह विद्यालय देश सेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है, यहाँ विशाल सभागार, दो खेल के बडें मैदान, हरा-भरा पार्क, विशाल पुस्तकालय आदि अनेक सुन्दर व्यवस्था प्रशिक्षणार्थियों हेतु अनुकूल होगी।

इस आयोजन से गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, प्रभारी प्राचार्य अमित उत्तलवार, प्राचार्य पिंकी खण्डेलवाल, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, शिक्षक-शिक्षिकाएं उत्साहित हैं।

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
**मामले की श्रेणी:राजस्व**
संदर्भः-जिला-राजनांदगांव तहसील-राजनांदगांव प.ह.नं.-00041 नंदई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध क्रमांक. RD 20232442053650000 7

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00041 के अंतर्गत ग्राम नंदई के वर्तमान भूमिस्वामी फातिमाबी पति मोहम्मद हारून सोलंकी पता-सा.गंजचौक, राज. के धारित भूमि खसरा क्रमांक 904/15 (0.0040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती परवीनकौसर पिता/पति-मो.अल्ताफ पता-कसारीडीह दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौत होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायलय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/05/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/04/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, राजनांदगांव**


dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार भीड़ भरा दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

Paytm book my show SILVER SCREEN MULTIPLEX 03rd May to 09th May 2024




The Fall Guy (Hindi) - 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Pyar Ke Do Naam - 12:30, 06:00 and 09:00 pm
B A Final Year (chhattisgarhi)- 12:00 and 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200



**शुभांक**
अनुमानित
बी. के
3-6-9
230-5 189-8
राजधानी
2-5-8
560-1 446-4
चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# ट्रेनों में खचाखच भीड़.... महिला कोच में सफर करने मजबूर पुरूष

राजनांदगांव (दावा)। समर सीजन व शादी-ब्याह का मौसम होने की वजह से ट्रेनों में काफी रस चल रहा है। ट्रेनों में काफी भीड़ दिखाई दे रही है। लोग समर सीजन का लुत्फ उठाने किसी अच्छे स्थान पर जाने के लिए घर-परिवार के लोगों के साथ यात्रा करने ट्रेन जर्नी को ज्यादा मुफीद समझ रहे। इसी तरह वैवाहिक आयोजनों के चौथिया-बाराती भी ट्रेन में सफर को ज्यादा तरजीह दे रहे है। इसके चलते ट्रेनों में भीड़ का आलम बना हुआ है। इसके चलते स्थिति यह बन पड़ रही है कि महिला कोच में मजबूरन घुस कर पुरुष यात्रियों को यात्रा करनी पड़ रही है जो रेल्वे सुरक्षा बल के पकड़ में आ जा रहे है। जिन पर कार्रवाई की जा रही है।

- पकड़े गए लोगों पर हुई कार्रवाई
- रेल्वे सुरक्षा बल प्रभारी ने गर्भवती महिला का कराया सुरक्षित प्रसव



### कई ट्रेनों का परिचालन रद्द

बता दे कि तीसरी नई रेल लाइन बिछने व उक्त से सम्बंधित इंटरलाकिंग का काम चलने की वजह से आए दिन ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है। वर्तमान में भी कई ट्रेनों का परिचालन को रद्द कर दिया गया है। वही जो ट्रेनें चल रही है। उसमें भी पैर रखने के लिए जगह नहीं है। ऐसे में सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि ग्रीष्म कालीन भीड़ के दौरान यात्रियों को कन्फर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने बिलासपुर-यशंवतपुर के मध्य समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन नौ-फेरो के लिए बढ़ी है लेकिन 29 अप्रैल से बिलासपुर-भोपाल व एक मई से तीन मई तक बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस रद्द कर दिया गया है। इसके चलते वर्तमान में जो ट्रेने चल रही है उसमें यात्रियों की भारी भीड़ नजर आ रही है।

### दस के खिलाफ कार्रवाई

समर सीजन व शादी-ब्याह के मौसम होने की वजह से ट्रेनों में उमड़ रही यात्रियों की भीड़ के चलते कई यात्री सुरक्षित जगह पाने के लिए महिला कोच का सहारा ले रहे है। चूंकि ट्रेनों में महिला कोच में सफर करने वालों पर रेल्वे कार्रवाई कर रही है। इसके चलते गोदिया-झारसुगुड़ा मेमू के महिला कोच में सफर करते 10 यात्रियों को पकड़ा गया। सभी के खिलाफ रेल्वे अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

बता देकि रेल्वे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव की प्रभारी तरूणा साहू ने डयूटी में तैनात महिला बल सदस्य एवं अन्य स्टाफ के साथ मिलकर स्थानीय रेल्वे स्टेशन में आने-जाने वाली गाड़ियों में महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चेकिन अभियान चलाया जिसके चलते महिला कोच में 10 पुरूष यात्रा करते पकड़े गए। तरूणा साहू ने पकड़े गए यात्रियों पर कार्रवाई तो की ही साथ ही उन्हें हिदायत दी कि भविष्य में महिलाओं के लिए आरक्षित कोच में यात्रा नहीं करेंगे।

### सुरक्षित प्रसव कराया

मंगलवार की रात अहमदाबाद एक्सप्रेस से जनरल डिब्बे में यात्रा कर रही उड़ीसा की महिला को रायपुर जाने के वक्त राजनांदगांव स्टेशन में प्रसव पीड़ा उपस्थित हुई। इसके कारण रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 में उसे उतार कर सुरक्षित प्रसव कराया गया। स्टेशन मास्टर राजेश बर्मन ने बताया कि रात 11 बजे आरपीएफ स्टाफ को पता चला कि उड़ीसा की बलागीर निवासी एक महिला जो पैदापल्ली से रायपुर के लिए अहमदाबाद एक्सप्रेस से यात्रा कर रही है। अनिता मलिक पति छबि मलिक (20 वर्ष) को प्रसव पीड़ा शुरू होने के कारण राजनांदगांव में ही उतर गए। सूचना मिलते ही आरपीएफ प्रभारी तरूणा साहू के नेतृत्व में लेडिज स्टाफ ललिता ध्रुव व अन्य मौके पर पहुंच कर महिला की मदद की और आसपास की महिलाओं के साथ एक नम्बर प्लेट फार्म पर ही उसका सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने बच्ची को जन्म दिया। जच्चा व बच्चा के उचित स्वास्थ्य लाभ के लिए पोस्ट प्रभारी तरूणा साहू ने 108 बुलाकर सरकारी अस्पताल भेजा। इसके लिए रेल्वे सुरक्षा बल की पोस्ट प्रभारी तरूण साहू की एक्टीविटी की सराहना की जा रही है। बताया जाता है कि लोक संगीत में रूचि रखने वाली तरूणा पंडवानी गायिका भी है।

## नेशनल स्कूल भूलाटोला परीक्षा परिणाम में पुरुस्कृत हुए छात्र



खैरागढ़ (दावा)। नेशनल स्कूल ऑफ एजुकेशन भूलाटोला विकासखण्ड खैरागढ़ में मंगलवार 30 अप्रैल को परीक्षा परिणाम घोषित कर छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी केसीजी लालचंद द्विवेदी, खैरागढ़ कालेज के वरिष्ठ लाइब्रेरियन लाल जे.के.वैष्णव, मधुराम नेताम प्राचार्य कांचरी, डॉ. उमेद चंदेल, मनोहर सोनवानी प्राचार्य नेशनल स्कूल, पारख कोसरे जनपद सदस्य, पं.सुशील शर्मा उपस्थित रहे। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना पश्चात अतिथियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने पर छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को पुरस्कृत किया।

डीईओ केसीजी लालचंद द्विवेदी ने सभी शिक्षकों, छात्र छात्राओं एवं प्राचार्य मनोहर सोनवानी को बेहतर परीक्षा परिणाम लाने पर बधाई शुभकामनाएं दी। खैरागढ़ कालेज के ग्रंथपाल लाल जे.के.वैष्णव ने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए स्कूल जीवन से नींव मजबूत करने कहा। मोबाइल क्रांति के वर्तमान परिवेश में स्कूल अध्ययन के साथ शारीरिक परिश्रम, व्यायाम को सर्वांगीण विकास हेतु जरुरी आवश्यक बताया। डॉ. उमेद चंदेल ने कविता के माध्यम से शिक्षा अलख जगाने प्रेरित किया। मधुराम नेताम प्राचार्य ने नेशनल स्कूल भूलाटोला के शिक्षा स्तर की सराहना की। पारख कोसरे ने स्कूल को वाटर कूलर देने घोषणा की। आठवीं कक्षा से कुणाल प्रथम, नमन द्वितीय, आदित्य तीसरे स्थान सातवीं से कुणाल प्रथम, ओमप्रकाश द्वितीय, पीयूष तीसरे स्थान पर सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को मोमेंट प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कन्हैयालाल पटेल खेल अधिकारी, डॉ. विभाष पाठक, सुशील शर्मा, डॉ. कुन्ती सोनवानी, केसी साहू शक्ति कोचिंग, पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन ज्योति सोनवानी, रीया सीदार एवं क्षय अतिथियों को मोमेंट प्रदान कर आभार प्रदर्शन मनोहर सोनवानी प्राचार्य ने किया। शिक्षिका नीलम भारती, पल्लवी, कामिनी, मोनिका, ज्योति, चंचल साहु उपस्थित रहे।

## चौकी चिखली हत्याकांड का सहआरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा




राजनांदगांव (दावा)। गत दिनों चौकी चिखली क्षेत्र के मोतीपुर रामनगर मदरसे के पास हुई एक युवक की हत्या के सह आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। बता दें कि उक्त घटना के संबंध में प्रार्थी दिनेश साहू पिता स्व. चतुर राम साहू उम्र 32 वर्ष निवासी कब्रिस्तान के पीछे वार्ड नं. 07 रामनगर ने कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 अप्रैल के रात्रि करीबन 11 बजे शंकरपुर मदरसा मैदान के पास ईश्वर साहू के घर सामने गली में विवाद को लेकर छोटू राधे उर्फ अविनाश व अन्य के द्वारा लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करने से हाथ मुक्का डण्डा और किसी धारदार वस्तु से वार करने से महेश उर्फ छोटू साहू को सिर व गले में चोट लगने के कारण मृत्यु हो गई। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**चिकन पार्टी के दौरान सिगरेट मांगने पर हुआ था विवाद**

पुलिस टीम ने प्रकरण आरोपी छोटू राधे उर्फ अविनाश व अन्य के पतासाजी की जा रही थी, जो मुखबीर की सूचना पर तत्काल शंकरपुर पहुंचकर घेराबंदी कर मामले की सहआरोपी शैलेन्द्र सोनी उर्फ बादी पिता राजू सोनी उम्र 33 वर्ष निवासी शकंरपुर उडिया मौहल्ला हॉल निवास अटल आवास पेण्ड्री को शकंरपुर में पकड़ा गया। घटना के संबंध में बारीकी से पूछताछ किए जाने पर घटना दिनांक को चिकन पार्टी करते हुये शराब के नशे में आरोपी छोटू राधे उर्फ अविनाश से सिगरेट मागने पर मृतक छोटू महेश और उसका दोस्त का छोटू राधे से विवाद होने से छोटू राधे, बादी सोनी व अन्य साथ मिलकर हाथ मुक्का डण्डा व धारदार वस्तु से मारकर हत्या कर अलग-अलग भाग जाना बताया, आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करते हुये घटना में प्रयुक्त डण्डा को बरामद कराया। आरोपी बादी उर्फ शैलेन्द्र सोनी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल भेजा गया। घटना में शामिल अन्य आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा है।

## श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में पत्नी ने पति को अपनी किडनी देकर नया जीवन प्रदान किया

रायपुर (दावा)। चिकित्सा के क्षेत्र में विख्यात लोकप्रिय न्यू राजेंद्रनगर अमलीडीह में स्थापित श्री मेडिशाईन द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट के लगातार सफल ऑपरेशन की कड़ी में एक और सफल ऑपरेशन किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकुंद राउत 37 वर्षीय को उनकी पत्नी प्रमिला राउत जो कि उडिसा की निवासी है. शादी के कुछ महिनों में ही मुकुंद राउत का किडनी फैल हो गया था और वह डायलिसिस पर आ गया थे, उसकी तकलीफ और दर्द को देखकर पत्नी धर्म निभाते हुये अपनी एक किडनी देने का निर्णय लिया उसके पश्चात श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में डॉ. करण सराफ (नेफ्रोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लाट विशेषज्ञ) से इस सकच में किडनी ट्रासप्लाट की सलाह लिये और उनके सभी जाचे सही आने पर फरवरी माह में उनका सफल किडनी ट्रांसप्लाट श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में हुआ और यह ट्रांसप्लाट ओडिसा सरकार द्वारा संचालित बिजु कार्ड द्वारा पूर्ण हुआ अभी मरीज एवं उनकी पत्नि पूरी तरह स्वस्थ्य है और डॉ.करण सराफ के नियमित फालोअप में है। डॉ.करण सराफ (नेफ्रोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ) ने बताया कि किडनी फेलियर मरीज जो डायलिसिस में है उनके लिये सर्वश्रेष्ठ ईलाज किडनी ट्रांसप्लाट ही है।

## युगांतर द्वारा सनसिटी में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर



राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल द्वारा नगर की लब्धप्रतिष्ठ सनसिटी क्लब हाउस में 1 मई से 5 मई तक पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर को युगांतर पब्लिक स्कूल की फिजिकल एजुकेशन शिक्षिका वंदना सिंह संचालित कर रही है।

यह ज्ञातव्य हो कि वंदना सिंह को योग प्रशिक्षक और मेडिटेशन विशेषज्ञ के रूप महारत हासिल है। वंदना सिंह द्वारा सन सिटी इस शिविर के आयोजन से बच्चे और महिलाएँ आल्हादित हैं। वे इस प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में भाग लेकर योगा के साथ जुम्बा का भी लुत्फ उठा रहे हैं।

शिविर प्रभारी दीप्ति बिंदल पीजीटी कॉमर्स ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर निःशुल्क रखा गया है। इस आयोजन को लेकर सन सिटी में गजब का उत्साह बना हुआ है। नई उमंग और उत्साह के साथ बच्चे और महिलाएँ भाग लेकर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता प्रकट कर रहे हैं।

**युगांतर का समाजसेवा के क्षेत्र में अभिनव पहल**

उन्होंने शिविर के लिए सनसिटी क्लब हाउस मुहैया कराने के लिए सनसिटी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा व सन सिटी सोसाइटी के निर्माता विनोद बोहरा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने आगे बताया कि विद्यालय प्रबन्धन द्वारा योगा और जुम्बा के प्रशिक्षण के उपरांत यहाँ के बच्चों तथा महिलाओं के लिए स्वास्थ्यवर्धक स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (स्पोर्ट्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी, पी आर ओ, स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने सन सिटी में युगांतर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में यहाँ के बच्चे और महिलाओं के भाग लेने पर हर्ष प्रकट किया है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि युगांतर विद्यालय परिसर से बाहर यहाँ के बच्चों और महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का संदेश दे रहा है। यही नहीं युगांतर शिक्षा के क्षेत्र अहम योगदान के साथ-साथ अब समाज सेवा के क्षेत्र में भी अग्रसर हो रहा है-यह प्रशंसनीय है।

## उदयाचल द्वारा मतदान केन्द्रों पर आमपना एवं छाछ का किया वितरण

राजनांदगांव (दावा)। भीषण गर्मी में लोकसभा चुनाव के जागरूक मतदाताओं के लिए उदयाचल द्वारा प्रशासन को 500 लीटर छाछ उपलब्ध कराया गया। जिसे प्रशासन द्वारा विभिन्न मतदान केन्द्रों पर वितरित किया गया। उदयाचल द्वारा दी गई छाछ में नदकिशोर खण्डेलवाल जी ओमप्रकाश भूतड़ा जी एवं मदन महावीर पारख जी का विशेष योगदान रहा। उदयाचल द्वारा उदयाचल मतदान केन्द्र पर सभी मतदाताओं को आमपना देकर गर्मी से राहत प्रदान की गई। आमपना में पॉपुलर ऑप्टिकल एवं नीलेश पारख का विशेष सहयोग रहा। संभवतः प्रशासन एवं उदयाचल की यह पहल सम्पूर्ण भारत में किसी भी चुनाव में मतदाताओं के लिए सिर्फ राजनांदगांव में ही आयोजित की गई। प्रशासन की इस कार्ययोजना एवं सराहनीय कार्य की नगर में खूब चर्चा रही।

## रॉयल किड्स कान्वेंट के अनुभवी शिक्षकों द्वारा डाउट क्लीयरिंग कक्षाएं प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। शहर के मध्य स्थित संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट में अनुभवी शिक्षकों द्वारा मई माह में विभिन्न विषयों से संबंधित डाउट क्लीयरिंग कक्षाएं प्रारंभ की जा रही है। ये कक्षाएं निशुल्क है, जिसमें शहर के सभी स्कूलों के बच्चे आकर अपने विषय से संबंधित डाउट क्लियर कर सकते हैं। ये कक्षाएं सुबह 8 बजे से सुबह 10.30 बजे तक ली जाएगी। बच्चे अपने पालकों के साथ आएंगे इन कक्षाओं में एडीकेट्स एवं मैनर्स से संबंधित कोई समस्या होने पर भी पालक अपने पाल्य के साथ आ सकते हैं उनकी काउंसलिंग की जाएगी। डाउट क्लियर कक्षाओं में एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल फिजिक्स, श्रीमती ममता मिश्रा बायोलॉजी, श्रीमती सुषमा शुक्ला हिंदी साहित्य, श्रीमती अपर्णा वर्मा हिंदी, गोपाल साहू जियोग्राफी, राहुल गेदाम केमिस्ट्री, अंजू राजपूत एवं पुष्प लता गणित, पॉलिटिकल साइंस हिस्ट्री सिविक्स कुलविंदर कौर गरचा सोशल स्टडी सुश्री सरिता सिंह, इंदिरा धीवर, इकोनॉमिक्स आकांक्षा साहू वाणिज्य जया भारती, इंग्लिश मौली सेबेस्तियन, तृप्ति मेश्राम साइंस आदि शिक्षक शिक्षिकाएं सभी विषयों में अपनी सेवाएं देंगे। अतः पालकगणों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सुअवसर का लाभ उठाएं। रॉयल किड्स कान्वेंट शहर का जाना माना नाम है यहां के छात्र-छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत होकर अपनी शाला का नाम रोशन कर रहे हैं।

ज्ञातव्य है कि रॉयल किड्स कान्वेंट की छात्रा सोनालिका रुचंदानी ने यूपीएससी में चयनित होकर आज रेलवे प्रबंधन में उच्च पद पर आसीन है और शंकी बग्गा आईएस पद पर प्रतिष्ठित हैं वही हॉकी प्लेयर मृणाल चौबे कैग (कंट्रोल एंड जनरल) पद पर प्रतिष्ठित है। चिकित्सा के क्षेत्र में यहां की डॉ. ऋतु बजाज, डॉक्टर निधिषा श्रीवास्तव, डॉक्टर गौरव जैन, डॉक्टर रूही नाज, डॉक्टर शेख असरत, डॉक्टर शिखर चेपे डॉक्टर अनिमेष गांधी, डॉक्टर रचना जैन, डॉक्टर पर्णवी यादव, डॉक्टर निरधि बैद, डॉक्टर आदिति जैन, डॉक्टर माधुरी खंडेलवाल, डॉक्टर मीनल गांधी, डॉक्टर सेजल गांधी, डॉक्टर थानेश्वर पटिला, डॉक्टर अदनान अहमद, डॉ.दीपक पटेल, डॉ.अमीषा चौधरी डॉक्टर, महेश मोटलानी, डॉक्टर माधुरी पटेल डॉक्टर सुवर्णा सिंह अभी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी परिपेक्ष में विदेश में प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे सौरभ झा, अमित झा, आशुतोष मिश्रा, डॉक्टर शिल्पी सेठिया यूएई जावेद अहमद दुबई, प्रतीक झा, सुमित टांक, जूहीता टांक हनी बेला वाला, अभियंता पद पर कार्यरत इंजीनियर पंकज पारेख, आलोक अग्रवाल एनआईटी चेन्नई, इंजीनियर राहुल गांधी, अमीषा ठक्कर, मृत्युंजय शर्मा, वैभव बैद, श्वेता बाफना (एमडी बालको) इंजीनियर सौरभ काथरानी बैंक अधिकारी वाय रवी किरण बैंक अधिकारी बेंगलुरु, भवनीत बग्गा अंकित शुक्ला बैंक अधिकारी, इंजीनियर तान्य मिश्रा बैंगलोर, इंजीनियर श्रद्धा साहू भुवनेश्वर, इंजीनियर जतिन साहू राहुल चौधरी इंजीनियर राहुल चौधरी, इंजीनियर शालीन शुक्ला, इंडस्ट्रीलिसट इंजीनियर शुभम शुक्ला प्लांट हेड (एबीस एक्सपोर्ट ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड) सभी अभियंता पद पर आसीन है। वाणिज्य क्षेत्र में सीए रमनदीप भाटिया, रंजन मिश्रा, सीए अंकित सेठिया, सीए राहुल लालवानी, सीए विकास गोलछा, भवनीत सिंह भाटिया, सीए अंकित शुक्ला हैं, आयुष्मान वर्मा (अधिवक्ता) जीएसटी इनकम टैक्स एग्जीक्यूटिव पद पर आसीन है। एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने आशा व्यक्त की है कि आने वाले समय में इसी तरह बच्चे अपने बुद्धि एवं कौशल से आगे आएंगे अपनी शाला एवं अपने परिवार का नाम रोशन करेंगे।

## जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी की बैठक संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। 1 मई को जिला बलौदाबाजार में कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी व प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव प्रदीप शर्मा ने बैठक कर जिला एवं ब्लाक पदाधिकारियों से लोकसभा चुनाव से संबंधित चर्चा किया।

पदाधिकारियों ने विधानसभा प्रभारी श्री शर्मा को बताया कि, बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र मे 306 बूथ है। सभी बूथों मे पार्टी का झंडा बैनर और वाल पैटिंग का कार्य हो चुका है। महालक्ष्मी नारी न्याय फार्म सभी बूथों मे भरवाया जा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र मे कांग्रेस कार्यकर्त्ता पूरी मजबूती के साथ कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय को जिताने के लिये लगे हुए है।

प्रभारी श्री शर्मा ने सभी पदाधिकारी और कार्यकर्त्ताओं से अपील किया कि कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से जितना है। बैठक मे लोकनाथ भारती, हरीश भंडारी, विक्रम गिरी, ब्लाक अध्यक्ष ग्रामीण रुपेश ठाकुर, शहर अध्यक्ष बलौदाबाजार भुनेश्वर वर्मा, देवा टंडन, बलदाऊ साहू, आयुष भटपहारी और सभी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे है।

## मजदूर दिवस पर श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने विचार गोष्ठी संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.विजय मानिकपुरी ने कहा कि पूरी दुनिया मजदूर दिवस यानी लेबर डे मना रही है, दुनिया में हर दिन कोई ना कोई खास दिन होता है, हर दिन किसी न किसी को समर्पित होता है इसी तरह आज एक मई को पूरी दुनिया में लेबर डे के रूप में मना रही है, महाविद्यालय में भी इसे सेलिब्रेट किया जा रहा है,सभी चतुर्थ वर्ग एवं तृतीय वर्ग कर्मचारियों का स्वागत अभिनंदन किया गया तथा कर्मचारियों के विचार गोष्ठी आयोजित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि सभी कर्मचारियों, मजदूरों और श्रमिक वर्ग को समर्पित है, आज मजदूर, श्रमिक वर्ग की उपलब्धियों को उनके अमूल्य योगदान को सलाम करने का दिन है महाविद्यालय में इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य मजदूरों की उपलब्धियों का सम्मान और उनके द्वारा किए गए योगदान को स्मरण करना है तथा विचार गोष्ठी में उनके विचारों का सम्मान करना है। सभी कर्मचारियों को मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के कर्मचारियों में रमेश साहू ,सुनीता साहू, राजेश्वरी साहू और द्रौपदी देशमुख ने अपने-अपने विचार रखे और कहा कि महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों की ओर से हम सभी का धन्यवाद करते हैं।

महाविद्यालय द्वारा इस अवसर पर हमारा सम्मान किया गया और हमें अपनी बात रखने के लिए आमंत्रित किया गया। विचार गोष्ठी एवं मजदूर सम्मान समारोह में यशवंत देशमुख, योगेंद्र साहू, संजीव लाल सहित महाविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ कर्मचारी एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा विद्यार्थीगण की उपस्थिति भारी मात्रा में रही।

## अंकसूची के साथ सेल्फी जोन में फोटो खिंचवाकर जताई खुशियां




राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा संस्कार में अग्रणी संस्था गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) कंचनबाग का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शाला का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा।

कक्षा नर्सरी से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थी अपने पालकों के साथ अंक सूची लेने पहुंचे। अच्छे अंक और उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देखकर विद्यार्थी और परीक्षा परिणाम देखकर विद्यार्थी और पालक प्रसन्न नजर आए। विद्यार्थियों के उत्साह को बढ़ाने के लिए शाला में विशेष सजावट के साथ-साथ सेल्फी जोन बनाया गया था। अंक सूची के साथ सेल्फी जोन में फोटो खिंचवाकर बच्चे आनंदित हो रहे थे।

कक्षा छठवीं की छात्रा सोनम तिवारी के पिता ने कहा कि उनकी बेटी इसी सत्र में शाला में प्रवेश लिया है। विद्यालय का संस्कार युक्त वातावरण धार्मिक गतिविधि, मंत्र श्लोक, यज्ञकर्मकाण्ड की शिक्षा के साथ संस्कार भी मिला है। रियांश साहू की माता श्रीमती चित्रलेखा साहू अपने पुत्र की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार देखकर हर्षित हुई। शिक्षा गुणवत्ता में सुधार का श्रेय शिक्षकों को देते हुए उन्हें बधाई एवं धन्यवाद दिया।

गायत्री शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, संध्या देवी सिंघ, सचिव गगन लड्डा, सह सचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, रूपाली गांधी, प्रशासक अनिल बाजपेयी प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव ने शाला का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती चेतना साहू ने दी।

# पेयजल की निर्बाध आपूर्ति के लिए प्रयास कर रहा है पालिका




○ पनियाजोब जलाशय में 15 दिन का पानी शेष
○ राहुलकसा एनिकट से होगी पानी की आपूर्ति - पेयजल प्रभारी

डोंगरगढ़(दावा)। मेले के बाद लोकसभा चुनाव की व्यवस्था के बीच शहर वासियों को पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में योजना बंद तरीके से तकनीकी कार्यों को अंतिम रूप देने पालिका प्रशासन प्रयास करता हुआ दिखाई दे रहा है।

नगर पालिका के पेयजल प्रभारी अकील खान से प्राप्त जानकारी के अनुसार पनिया जोब जलाशय में पानी की कमी को देखते हुए राहुलकसा एनिकट में मोटर पंप लगाकर, पाइपलाइन के सहारे पानी लाने की व्यवस्था पालिका अधिकारी चंद्रकांत वर्मा व इंजीनियर रितेश स्थापक के दिशा निर्देश पर की जा रही है।

## शहर में पानी की आपूर्ति मात्र 15 दिन ही हो सकती है- इंजीनियर सिद्दीकी

पनियाजोब जलाशय में मात्र 15 दिन का पानी ही शेष होने की जानकारी देते हुए सिंचाई विभाग के उप अभियंता असद सिद्दीकी ने बताया कि 30 अप्रैल की स्थिति में 8 फीट पानी जलाशय में शेष बचा हुआ है। डोंगरगढ़ नगर वासियों को मात्र 15 दिन ही पानी सप्लाई हो पाएगी। जलाशय में मात्र 0.512 मीक्यूमी ही पानी बचा है। प्रतिदिन नगर पालिका की मांग अनुसार .0027 क्यूमी पानी दिया जाता है, जिससे डोंगरगढ़ शहर वासियों को जलापूर्ति हो पाती है।

## जलाशय का निर्माण 1978 को किया गया था

पनियाजोब जलाशय का 1978 में निर्माण पूर्ण हुआ था। जिसका जल क्षेत्र 1366 हेक्टेयर सिंचाई पेयजल निस्तार के लिए दिया जाता है। रवि फसल में आवश्यकता अनुसार मांग होने पर गेहूं एवं धान की फसल के लिए भी किसानों को पानी दिया जाता है।

## सिंचाई हेतु किसानों का रहता है दबाव

सिंचाई विभाग के इंजीनियर असद सिद्दीकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 40 वर्षों से जलाशय कभी भी पूर्ण रूप से खाली नहीं किया गया। गांव वालों की ओर से पेयजल की आपूर्ति हेतु दबाव बना रहता है। पानी के अधिक दबाव के चलते गेट का फ्रेम तिरछा हो गया है। इस गेट में पत्थर या लकड़ी या अन्य चीज आ गई होगी।जब तक जलाशय को पूर्ण रूप से खाली नहीं किया जाएगा, तब तक गेट का मरम्मत कार्य नहीं किया जा सकता। इसी वजह से जलाशय का पानी सीपेज के कारण निरंतर निकल रहा है। गेट क्षतिग्रस्त होने से तीन दिनों तक पानी की सप्लाई बंद हुई थी - पनियाजोब जलाशय का केनाल के क्षतिग्रस्त होने से 23 सितंबर 2023 में तीन दिनों तक डोंगरगढ़ वासियों को पानी से वंचित रहना पड़ा था। इसी प्रकार 10 अप्रैल 2024 में चार दिनों के लिए पानी की सप्लाई को बंद किया गया था। मरम्मत कार्य के लिए नगर पालिका व सिंचाई विभाग को बहुत मशक्कत करनी पड़ी थी।तब जाकर केनाल का मरम्मत अस्थाई तौर पर किया गया।

## समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों के दल ने किया निरीक्षण

गेट के क्षतिग्रस्त होने व मरम्मत में आने वाली बाधा को संज्ञान में लेकर, इसकी सूचना नगर पालिका को सितंबर 2023 में व अप्रैल 2024 में पत्र के माध्यम से दिया गया था। जिसके बाद अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग के श्री नादिया राजनंदगांव सिंचाई विभाग के ई जी. डी. रामटेक मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम व जल प्रभारी अकील खान के द्वारा निरीक्षण किया गया था।

## कोलार घाट के पानी से होगी शहर में पेयजल की आपूर्ति

वैकल्पिक व्यवस्था के लिए सिंचाई भाग द्वारा नगर पालिका को जानकारी दी गई थी कि कोलारघाट डैम का पानी राऊलकसा एनीकट में छोड़ा जाएगा। डैम में भरी गर्मी में भी पानी रहता है। राजऊलकसा एनीकट में पंप हाउस सिस्टम सन्1995 में लगाया गया है। जो लंबे समय से पंप खराब होने के कारण बंद पड़ा है। वहां पुनः पंप लगाने पर डोंगरगढ़ वासियों को पेयजल की आपूर्ति की जा सकती है।

## 25 लाख का प्रस्ताव जिला पंचायत के पास भेजा गया

उपअभियंता असद सिद्दीकी द्वारा बताया गया कि 9 फरवरी 2024 को मरम्मत कार्य के लिए 25 लाख रुपए का प्राककलन बनाकर जिला पंचायत राजनांदगांव भेज दिया गया है। वर्तमान में सिंचाई विभाग के एरिया इंचार्ज अंकित चंद्राकर द्वारा पनियाजोब जलाशय की देखरेख की जा रही है। 29 अप्रैल 2024 को सिंचाई विभाग के एसडीओ श्री नादिया राजनांदगांव सिंचाई विभाग के जी.डी. रामटेक द्वारा वस्तु स्थिति की जानकारी के लिए मौके का निरीक्षण किया गया था।

# पहला कॉलम...

## मजदूरों का योगदान समाज में महत्वपूर्ण है- तेजस्वी वर्मा

ठेलकाडीह (दावा)। एक मई अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस श्रमिकों के लिए यह दिन समर्पित करने का बड़ा कारण है। क्योंकि मजदूर ही है जो समाज की आधारभूत ढांचे को सुनिश्चित करते है। उन्हीं के मेहनत से उत्पादन करके ही सामाजिक आर्थिक विकास संभव है। इसलिए मजदूरों का योगदान समाज में महत्वपूर्ण है और उन्हें सम्मान व न्याय मिलना चाहिए। इसी उदेश्य को लेकर स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा ने क्षेत्र के कलडबरी, बरबसपुर गांव में सैकड़ों मनरेगा श्रमिकों से मुलाकात कर उन्हें मजदूर दिवस के बारे में बताया। इस दौरान मनरेगा श्रमिकों सहित बेयर फूड टेक्निीशियन राजेश वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नेश्वर प्रसाद साहू सेवानिवृत्त हुए



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेड़ेसरा, विकासखंड राजनादगांव में कार्यरत नेश्वर प्रसाद साहू व्याख्याता 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर विभाग से सेवानिवृत्त हुए। कुल 40 वर्ष 4 माह के सेवाकाल मे ग्राम मोखला में प्रथम नियुक्त हुए एवं 11 फरवरी 2011 से हायर सेकेंडरी स्कूल टेड़ेसरा मे वाणिज्य के व्याख्याता पद पर कार्यरत रहे। वे अपनी मिलनसारिता, सादगी, कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासन, उत्कृष्ट शैक्षणिक गतिविधियां आदि कारणों से पालको, छात्रों, शिक्षकों एवं स्टॉफ व मित्रों में काफी लोकप्रिय हैं। संस्था के प्राचार्य दीपक ठाकुर एवं स्टॉफ ने बधाई देती हुई उज्जवल भविष्य की कामना की है। आपके अनुभव का लाभ समाज को सदा मिलता रहेगा।

## मजदूरों को मजदूर दिवस की दी गई बधाई



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पंचायत बोरतलाव में सरपंच, रोजगार सहायक व सभी मेट द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर सभी मजदूरों को कार्य स्थल पर मजदूर दिवस की बधाई दी गई।

## 5वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



बांधाबाजार (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला कोलाटोला संकुल पेंदाकोड़ो में कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों को विदाई दिया गया। शाला के प्रधान पाठक गंगा प्रसाद ध्रुर्वे, शिक्षक काशीराम कवलिया एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतुराम मंडावी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर गांव के सभी लोग विदाई समारोह में शामिल हुए।

# विधायक हर्षिता बघेल ने मजदूरों के साथ बोरे बासी खाकर मनाया मजदूर दिवस



ठेलकाडीह (दावा)। अपनी संस्कृति और अपने खानपान के लिए छत्तीसगढ़ भारत में अपनी एक खास पहचान रखती है। तीज त्यौहारों, कला परंम्पराओं के साथ-साथ हमारे छत्तीसगढ़ का खानपान भी लोगों को खूब पंसद आते है। छत्तीसगढ़ की प्रमख व्यंजनों में बोरे बासी का भी नाम शामिल है। दरअसल छत्तीसगढ़ में गर्मी के दिनों में बॉसी खाने की परंम्परा है। इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने बोरे बॉसी मनाने का निर्णय 1 मई यानि अंर्तराष्ट्रीय मजदूर दिवस के दिन का निर्णय लिया था। आपको बता दे कि तात्कालिक बघेल सरकार ने श्रमिकों के सम्मान को ध्यान में रखते हुए यह अभिनव पहल की शुरूआत की। यह उक्त बाते डोगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल मजदूर दिवस के दिन श्रमिको के बीच पहुंचकर कही। उन्होने इस दौरान ग्राम ढारा, परसाही, पटेवा में श्रमिको के बीच पहुचकर सभी के साथ बोरे बॉसी खाकर उक्त दिवस मनाई। इस दौरान डोगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जोन प्रभारी पंचराम चंदेल, शामसाय टांडेकर, नंदू वर्मा, कार्तिक वर्मा, हेमबाई साहू, रोशन वर्मा, विश्राम वर्मा, ईश्वर नेताम, उर्मिला वर्मा, मानबाई वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पेड़ की छांव में लिया बॉसी का आनंद

विधायक श्रीमति हर्षिता स्वामी बघेल बुधवार को विभिन्न जंगहों में पहुचंकर श्रमिकों का हालचाल जाना। साथ ही उन्होने श्रमिकों के सम्मान में पेड़ की छांव में मजदूरों के बीच चटाई में बैठकर बोरे बॉसी का आंनद लिया। उन्होने इस दौरान कहा कि भाजपा सरकार श्रमिक विरोधी है। भाजपा नहीं चाहती की श्रमिकों का सम्मान हो। पूर्व मुख्यमंत्री ने भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की परंम्परा को आगे बढ़ाने व श्रमिकों के सम्मान में नेता से बड़े-बड़े अधिकारियों ने बोरे बॉसी खाई है। लेकिन भाजपा श्रमिकों के सम्मान को भूल गई है।

# महिलाओं का सम्मान बढ़ाया मोदी व विष्णु देव सरकार - घम्मन साहू



खैरागढ़ (दावा)। राजनादगांव लोकसभा चुनाव समाप्त होने के भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा तीसरे चरण मे होने वाले लोकसभा के चुनाव के लिए अलग-अलग जवाबदारी दिया गया है। जिसमें केसीजी जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू को दुर्ग लोकसभा के प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में प्रचार प्रसार करने के लिऐ वैशाली नगर विधानसभा में दायित्व दिए जाने के बाद लगातार तीन दिनों से अपने टीम के साथ पार्टी के उम्मीदवार को जिता कर मोदी को फिर से एक बार सरकार बनाने के लिऐ पसीना बहा रहे हैं। वैशाली नगर विधानसभा के रामनगर भिलाई व सुपेला के शीतला मंदिर प्रांगण में महतारी वंदन कार्यक्रम में मुख्यवक्ता जिला भाजपा खैरागढ़ के अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि मोदी की सरकार बनने के बाद से महिलाओं के उत्थान एवं नारी को सशक्त बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 28 से ऊपर योजना नारी शक्ति के लिए चलाए जा रहे हैं और महतारी वंदन देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव सरकार बनने के बाद महिलाओं को 1000-1000 रुपए की दो किस्त जारी किया जा चुका और तीसरा किस्त 1 मई को सभी माताओं के खाता मे आ जायेगा।

श्री साहू ने कहा कि हम सब मोदी और विष्णु देव का आभार, धन्यवाद करते हैं और लोकसभा दुर्ग में विजय बघेल को दूसरी बार और मोदी को तीसरी बार सरकार बनाने के लिए सभी का आह्वान करते भाजपा को वोट देने की अपील करते सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस अवसर पर भिलाई भाजपा के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्रीमती स्वीटी कौशिक, मानपुर मोहला के महामंत्री श्रीमती नम्रता सिंह, खैरागढ़ जिला महामंत्री रामाधार रजक, सह कोषाध्यक्ष प्रकाश सिंह, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास, दीनदयाल सिन्हा, हरीश सिंह, सरला आचार्य, प्रति जाधव श्रीमति मिथिला, श्रीमति प्रमिला, श्रीमती दीपमाला, मण्डल अध्यक्ष विजय शुक्ला, महामंत्री दिनेश मिश्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मिश्रा, पूर्व महापौर निर्मला यादव सहित वार्ड के पार्षद श्रीमती स्मिता डोडके, धनेश चौहान, गीता विश्वकर्मा, स्नेहा शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और माताओं बहन बेटियों की उपस्थित मे संपन्न हुआ।

# शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा, नगर पंचायत नहीं कर रहा है कार्यवाही




छुईखदान (दावा)। इन दिनों नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर गृह निर्माण का कार्य जोड़ों पर है। वार्ड क्रमांक 15 राधे होंडा के पीछे शासकीय जमीन भूमि खसरा नंबर 271 पर कुछ ग्रामीणों द्वारा गृह निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए आसपास के क्षेत्र के लोगों द्वारा नगर पंचायत अधिकारी व तहसीलदार को लिखित में शिकायत दिया गया है। बावजूद इसके न ही नगर पंचायत के कर्मचारी कभी वहां पर गए हैं और ना ही तहसीलदार का कोई नुमाइंदा उसे देखने गया है।

ज्ञात हो उक्त पहाड़ी नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत पहाड़ी भूमि क्षेत्र में है। भूमि की कीमत सोना से भी कीमती है। बहुत अधिक रेट में वहां आसपास का वैध जमीन बिक रहा है।

यहां पर शासकीय भूमि है, जहां पर लोग बेधड़क भूमि को कब्जा कर बड़े-बड़े मकान का निर्माण कर रहे हैं। नगर पंचायत को उक्त क्षेत्र के शासकीय भूमि को संरक्षित करना चाहिए ताकि लोग अवैध कब्जा न कर सके और यदि लोग कब्जा कर अवैध मकान का निर्माण कर रहे हैं तो उन पर ठोस कार्रवाई आवश्यक है। पहाड़ी क्षेत्र को तोड़कर अवैध निर्माण करता प्रकृति का संतुलन बिगाड़ने में लगा हुआ है। उनके आसपास पेड़ पौधे एवं हरे घास का मैदान है यहां गृह निर्माण होने से जिससे जीव जंतु एवं जानवरों के खाने-पीने का अभाव होते जा रहा है।

नतीजा पालतू जानवर गाय, बैल, भैंस रोड में आकर खड़े हो रहा है, जिसके कारण कई लोगों का दुर्घटना से जान गंवनी पड़ रहा है। यह निर्माण कार्य को रोकने का काम जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों का है, जिन्हें नगर के कुछ जागरूक लोग आवेदन देकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पार्तिका महोबिया निर्देशित कर ठोस कार्रवाई की जाएगी।

***नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमाकांत महोबिया बिना अनुमति शासकीय भूमि में निर्माण कार्य किया जा रहा है तो शीघ्र प्रशासन कार्यवाही करें।***

***नगर पंचायत अधिकारी कमल नारायण जंघेल इस संबंध में जानकारी के लिए फोन लगाया गया उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।***

# इंटर्नशिप में स्कूल छात्रों ने सीखा कृषि और इलेक्ट्रॉनिक का तकनीकी ज्ञान

0 छात्रों को प्रमाण पत्र के साथ प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया
0 व्यावसायिक पाठ्यक्रम की बारीकियां सीखी छात्रों ने

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित कृषि और इलेक्ट्रॉनिक के कक्षा 11वी एवं 12वी के छात्रों का 10 दिवसीय इंटर्नशिप क्रमशः कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव एवं निर्मल इलेक्ट्रॉनिक्स सुरगी में कराया गया। इंटर्नशिप में सम्मिलित छात्रों को प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य एन.के.साहू व्यावसायिक प्रशिक्षक पंकज चंदेल, छत्रपाल देशमुख, व्याख्याता सुशील नारायण शर्मा, वीरेन्द्र टेंभुरकर श्रीमती नीरा ठाकुर एवं अन्य व्याख्याता गण मौजूद रहे। व्यावसायिक कृषि के छात्रों को कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव में इंटर्नशिप के माध्यम से नर्सरी प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, सूक्ष्म सिंचाई, कृषि यंत्रों की पहचान व उपयोग, मौसम पूर्वानुमान के यंत्र एवं उपयोग, ग्रेडर मशीन की जानकारी, पशुपालन प्रबंधन, वर्मी व कंपोस्ट खाद की जानकारी, पोटिंग डिपोटिंग, कीट व रोग प्रबंधन, विभिन्न रबी फसलों की खेती जैसे गेहूं, चना, धनिया की खेती और अन्य कृषिगत तकनीकी के जानकारी प्रदान किया गया। इलेक्ट्रॉनिक के छात्रों ने घरेलू उपकरण जैसे पंखा कूलर मिक्सर के रखरखाव और मरम्मत संबंधित जानकारी प्राप्त की साथ ही घरों में किए जाने वाले बिजली कनेक्शन के प्रक्रिया की विस्तृत अनुभव लिया।

# बीपीएस इंग्लिश मीडियम का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



## क्लॉस में टॉप फाईव आने वालों को किया गया सम्मानित

डोंगरगांव (दावा)। नगर की अग्रणी इंग्लिश मीडियम स्कूल बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल में बीते 30 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर मेम्बर गिरीश सोनी, बालकृष्ण सिन्हा, संतोष सागर शर्मा, समाजसेवी राजेन्द्र सिंह ठाकुर तथा महेश पाण्डेय् की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में अपनी अपनी क्लॉस में टॉप फाईव में आने वाले छात्र छात्राओं को मेडल तथा मूमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। नगर के वार्ड नं. 13 मटिया में पिछले 15 वर्षों से स्वयं की बिल्डिंग में संचालित बीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा के समय बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे। संस्था के प्रभारी प्राचार्य नीलेश श्रीवास्तव तथा एचएम श्रीमती धन्नी साहू की उपस्थिति में घोषित कक्षावार परीक्षा परिणाम में बच्चे व पालकगण काफी उत्साहित नजर आये। इसके साथ ही सभी पालकों ने सेल्फी जोन में फोटो भी खिंचाई। स्कूल द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार क्लॉस नर्सरी में अर्पित देवांगन, भौमिक पटेल, भुवनेश मास्कर, एकांश चंद्रवंशी, गीतेश साहू, याचना, काव्या सैनी, हेतिका साहू व जास्मीन साहू ने संयुक्त रूप से प्रथम, मान्या देवांगन ने द्वितीय, लभ्य कुमार ढीमर ने तृतीय, विधि महोबिया ने चौथा और प्रत्याशु यदु, सृष्टि यदु व आशुतोष सोनी ने संयुक्त रूप से पांचवा स्थान प्राप्त किया। क्लॉस एलकेजी सेक्शन ए में आराध्य बोरकर, आर्य सिंग, दिव्यांत कुमार नेताम, हुमिशा हिरवानी व याचना साहू ने संयुक्त रूप से प्रथम, आकाश साहू ने द्वितीय, लक्ष्य देवांगन ने तृतीय, दिव्यांशु साहू, लक्ष्य गार्वनर व सुप्रिया साहू ने संयुक्त रूप से चौथा और दीपांकर कौशिक ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। क्लॉस एलकेजी सेक्शन बी में चित्रा सिन्हा, गोपेश नायक, हेजल साह, इशांत दुबे व शिवानी ने संयुक्त रूप से प्रथम, तृप्ति पटेल व मानवीय साहू ने द्वितीय, दिलेश पटेल, नीतिन राणा व तेजस्वी पिस्दा ने संयुक्त रूप से तृतीय, आदित्य लोढा ने चौथा और कनिष्क साहू ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। क्लॉस यूकेजी सेक्शन ए में आकृति सिंग गहरवार, प्रणिका साहू, कशिश साहू व गगन साहू ने संयुक्त रूप से प्रथम, निहित साहू ने द्वितीय, हर्षित सिन्हा व प्रसिद्धि दुबे ने तृतीय, शाश्वत सिंग ने चौथा तथा कुशांक साहू ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। क्लॉस यूकेजी सेक्शन बी में गुंजीता पटेल, हेमराज पटेल, काव्यांश साहू, मानसी सिन्हा, नोशिका सिन्हा, सेजल गायकवाड़ व तेजस्वनी निषाद ने संयुक्त रूप से प्रथम, जतिन साहू ने द्वितीय, डॉली हिरवानी ने तृतीय, ध्रुवंग साहू ने चौथा तथा मोक्ष साहू ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। क्लॉस वन सेक्शन ए में चंचल कुमार रावटे, चुनाक्ष कुमार साहू, घनिका गुनेन्द्र, लक्ष्य साहू, लावण्या निषाद, तक्षराज साहू व तारूणी कर्सल ने संयुक्त रूप से प्रथम, मयंक सोनी, नवीन कुमार, सेजल साहू ने द्वितीय, आरभ्य बघेल, अंश निषाद व निखिल साहू ने तीसरा, डिम्पल कौशिक ने चौथा तथा प्रियांशी यादव ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। क्लॉस वन सेक्शन बी में आरजू खान, अदिति सोनी, अरनाज अंसारी, भूमिजा साहू, अक्षत साहू, भव्यांश साहू, कुनाल साहू, प्रिंस कौशिक, पुलकित साहू, रूहान बोरकर, शिवांगी सिन्हा व वंश कुमार ने संयुक्त रूप से प्रथम, तान्या ढीमर साहू ने द्वितीय, मोक्ष साहू, नितिन सिंग, साक्षी भूआर्य व वैभव कुमार ने संयुक्त रूप से तीसरा, लक्षित रंगारी ने चौथा तथा गुनगुन शर्मा ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। क्लॉस टू सेक्शन ए में अदिति रावटे, भावेश सिन्हा, भाविका साहू व राघवेन्द्र साहू ने संयुक्त रूप से प्रथम, लक्षिता पिस्दा ने द्वितीय, लिशा देवांगन ने तीसरा, युग साहू ने चौथा यश कुमार ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। क्लॉस टू सेक्शन बी में खुशबू साहू, परिधि सिंग तोमर, प्रखर पटेल व टिया देवांगन ने संयुक्त रूप से प्रथम, नितेश रूपलानी व राजवीर सिंग सोनकर ने द्वितीय, धैर्य रामटेके व काव्या साहू ने तीसरा, जीविका पटेल व प्रवीण कुमार ने चौथा तथा रेणु नायक ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। क्लॉस थर्ड सेक्शन ए में बिरेन्द्र साहू, काव्या साहू व सभ्य साहू ने प्रथम, जयप्रकाश भंडारी ने द्वितीय, भावना साहू व दिनिशा गंधर्व ने तीसरा, पंक्ति गुप्ता ने चौथा तथा प्रतिक महोबिया ने पांचवा स्थान, क्लॉस थर्ड सेक्शन बी में अंशुमन श्रीवास्तव ने प्रथम, लव्य साहू व रिशिका अमंडिया ने द्वितीय, तान्या राजपूत ने तीसरा, नेहल साहू ने चौथा तथा हरिशंकर ठाकुर ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। क्लॉस फोर्थ में दीक्षा साहू व खिलेश कुमार साहू ने प्रथम, अनन्या सिन्हा, चेमन कुमार, लक्ष्य राजपूत ने द्वितीय, हिमांशु साहू ने तृतीय, गीतिका देवांगन, मीरा रामटेके व प्रभात निषाद ने चौथा तथा लक्ष्मी देवांगन व पारूल सोनकर ने पांचवा, क्लॉस फिफ्थ में ऑफरिन खान ने प्रथम, वैभवी ठाकुर ने द्वितीय, याची अहीर ने तृतीय, लुभाषिनी यादव ने चौथा तथा सुषमा वर्मा ने पांचवा स्थान, क्लॉस सिक्स में डिम्पल कोरे ने प्रथम, सत्यनारायण वर्मा ने द्वितीय, पुष्पेन्द्र सहारे ने तृतीय, अदिति नेताम ने चौथा व उपासना साहू ने पांचवा, क्लॉस सेवन में प्राची साहू ने प्रथम, तीरथ मालेकर ने द्वितीय, अनन्या गुप्ता ने तृतीय, जागृति मंडावी ने चौथा तथा खुशी साहू ने पांचवा स्थान, क्लॉस ऐर्थ में शौर्य मेश्राम ने प्रथम, यशकुमार टांडिया ने द्वितीय, आदित्य भूआर्य ने तृतीय, क्लॉस नाइंथ में दीपांश राजपूत ने प्रथम, मोहन मुरली वर्मा ने द्वितीय, योगेश्वर सिंग श्याम ने तृतीय, टोमन लाल राणा ने चौथा तथा वत्सल सिंग ठाकुर ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा वर्षभर में बेस्ट अटेडेंस, बेस्ट डिसिप्लीन, बेस्ट कल्चर एक्टीविटी तथा बेस्ट गेम्स पार्टीशिपेन्ट के लिए अनेक स्टूडेन्ट्स को पुरूस्कृत किया गया। इस पहले बोर्ड ऑफ प्रेसिडेंट गिरिश सोनी ने समस्त स्टूडेंट्स को अपनी शुभकामनाएं दी और संस्था के उत्तरोत्तर प्रगति में पालकों व अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। परीक्षा परिणाम घोषणा के समय प्रभारी प्राचार्य नीलेश श्रीवास्तव, हेड मिस्ट्रेस श्रीती धन्नी साहू, नीतू रत्नाकर, कीर्ति सागर, हारिका पटेल, सुमन साहू, प्रीति साहू, उषा साहू, पल्लवी यदु, लक्ष्मी शर्मा, पिंकी देवांगन, महिला देवांगन, माधुरी साहू, नीरज साहू, दानबाई रावटे, ऐश्वर्या ध्रुव, परमेश्वरी कंवर, तेज साहू, भूपेन्द्र यादव, ऐश्वर्या सिंग, भूमिका पटेल, तामेश्वर साहू, शिव यादव, धनंजयल नायक सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की कप्तानी करेंगे राशिद खान



काबुल। टी20 विश्व कप में पूरा एक महीना बचा है. सभी टीमें अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रही हैं. अब 2 जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी अपनी 15 सदस्यी टीम का ऐलान कर दिया है. इस टीम के अनाउसमेंट की सबसे खास बात उसके कप्तान है. एसीबी ने अनुभवी स्पिनर राशिद खान को टीम का कप्तान बनाया गया है. पहली बार स्पिनर राशिद खान टीम की कमान संभालेते हुए नजर अएंगे. अफगानिस्तान ने अपने स्क्वाड में विकेटकीपर के तौर पर रहमानुल्लाह गुरबाज और मोहम्मद इश्हाक को जगह दी है. इसके अलावा बल्लेबाजी में गुलबदीन नाइब, करीम जन्नत और नांग्याल खरोती और अजमतुल्लाह उमरजई को टीम में जगह दी है. गुलबदीन नाइब ने भारत के खिलाफ जनवरी में खेली गई टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था. इसके अलावा आलराउंडर डिपार्टमेंट की कमान मोहम्मद नबी, राशिद खान निभाएंगे.

## बढ़ती महंगाई में आम आदमी को राहत, एलपीजी सिलेंडर के दाम घटे



नई दिल्ली। नया महीना अपने साथ कई बदलाव लेकर आता है। कई वित्तीय नियमों के साथ कई चीजों की कीमतों में भी बदलाव होता है। हर महीने की पहली तारीख को ऑयल मार्केटिंग कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को अपडेट करती है। तेल कंपनियों ने कामर्शियल सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है। इस बार सिलेंडर की कीमतों में 19 रुपये की कटौती की है। यह कटौती लगातार दूसरे महीने हुई है। हालांकि, घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। चुनावी माहौल के बीच सिलेंडर में हुई कटौती से आम जनता को राहत मिली है। माना जा रहा है कि इस कटौती के बाद बाहर के खान-पान की कीमतों में भी नरमी आ सकती है। देश के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक ने सीनियर सिटीजन केयर एफडी में निवेश की डेडलाइन को बढ़ा दिया है। अब इसमें 10 मई 2024 तक निवेश किया जा सकता है। इस एफडी में सीनियर सिटीजन को अतिरिक्त ब्याज का लाभ मिलता है।

## चीन में भारी बारिश का कहर, 19 लोगों की मौत

बीजिंग। चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग प्रांत के मीझोउ शहर में हाईवे का एक हिस्सा ढह गया। इस हादसे में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस इलाके में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। बचावकर्मियों ने 30 लोगों को अस्पताल पहुंचाया है। सरकारी न्यूज चैनल सीसीटीवी ने कहा कि गुआंग्डोंग प्रांत में मीझोउ शहर और डाबू काउंटी के बीच सड़क का एक हिस्सा देर रात करीब 2ः10 बजे धंस गया।चैनल ने आगे जानकारी दी कि इस घटना के कारण 18 वाहन फंस गए और 31 लोगों को घटनास्थल से बचाया गया और अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने एक तेज आवाज सुनी और उन्होंने देखा कि सड़क पर कई मीटर चौड़ा एक गड्ढा बन गया।

## दीवार से टकराई कार, एक की मौत और 14 घायल

लास क्रूसेस (अमेरिका)। लास क्रूज में एक थ्रिफ्ट स्टोर की सामने की कांच की दीवार से एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन टकरा गया। इस दौरान हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। इस घटना की जानकारी अधिकारियों ने दी।

उन्होंने कहा कि मंगलवार की दुर्घटना में घायलों में से 10 को इलाज के लिए अस्पतालों में ले जाया गया और 67 वर्षीय एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी मृत्यु हो गई। सांचेज ने लास क्रुसेस टीवी स्टेशन केएफओएक्स 14/सीबीएस 4 को बताया, यह काफी अराजक था। मुझे नहीं पता था कि क्या सोचना चाहिए या क्या करना चाहिए। लेकिन मैं बस इतना जानता था कि सबसे अच्छी बात यह है कि उन लोगों की मदद करने का प्रयास करें जिन्हें मदद की जरूरत है।

# पंजाब की चेन्नई के खिलाफ चेपॉक पर चौथी जीत, प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार

चेन्नई। जॉनी बेयरस्टो और रिली रोसोयू की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट से हराया। पंजाब की यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को भी मात दी थी। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के 48 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 62 रनों के दम पर 20 ओवर में सात विकेट पर 162 रन बनाए थे। जवाब में पंजाब के लिए बेयरस्टो ने 30 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 46 रन और रिली रोसोयू ने 23 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के सहारे 43 रन की पारी खेली जिसकी मदद से पंजाब ने 17.5 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाकर जीत दर्ज की।

पंजाब किंग्स आईपीएल में चेन्नई को उसके घर पर सर्वाधिक बार हराने वाली दूसरी टीम बन गई है। पंजाब की चेपॉक पर यह चौथी जीत है और उसने इस मामले में केकेआर को पीछे छोड़ दिया है। चेपॉक पर चेन्नई के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस के नाम है जिसने सीएसके को उसके घरेलू मैदान पर पांच बार मात दी है।

### पंजाब ने तालिका में लगाई छलांग

हार के बावजूद चेन्नई की टीम 10 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर बनी हुई है, जबकि पंजाब



को दो मैच जीतने से फायदा हुआ है और टीम आठ अंकों के साथ सातवें स्थान पर आ गई है। इसी के साथ पंजाब ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को जिंदा रखा है। चेन्नई और पंजाब दोनों ने ही 10-10 मैच खेल लिए हैं और प्लेऑफ में जाने के लिए दोनों को अगले चार मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### चेन्नई ने पंजाब को दिया शुरुआती झटका

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत अच्छी नहीं रही और इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान में उतरे प्रभसिमरन सिंह को रिचर्ड ग्लीसन ने आउट किया। ग्लीसन का आईपीएल का यह पहला विकेट है। प्रभसिमरन 13 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और रिली रोसोयू ने दूसरे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी कर पंजाब को संभाला। बेयरस्टो अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे तभी शिवम दुबे ने उन्हें आउट कर पंजाब को दूसरा झटका दिया। शिवम इस सीजन पहली बार गेंदबाजी के लिए उतरे और उन्होंने बेयरस्टो का विकेट लिया। बेयरस्टो 30 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 46 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

### रोसोयू भी अर्धशतक से चूके

बेयरस्टो के आउट होने के बाद भी रोसोयू ने अपनी शानदार पारी जारी रखी और वह भी धीरे-धीरे अर्धशतक की ओर बढ़ने लगे। हालांकि शार्दुल ठाकुर ने रोसोयू को बोल्ड कर पंजाब को तीसरा झटका दिया। रोसोयू 43 रन बनाकर आउट हुए और अर्धशतक बनाने से चूक गए। इसके बाद कप्तान सैम करन ने शशांक सिंह के साथ मिलकर पारी को संभाला और 13 गेंद शेष रहते टीम को जीत दिलाई। करन 20 गेंदों पर तीन चौके की मदद से 26 रन और शशांक 26 गेंदों पर एक चौका और एक छक्का लगाकर 25 रन बनाकर नाबाद लौटे।

### ऋतुराज और रहाणे ने दिलाई ठोस शुरुआत

इससे पहले, पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन से टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया। 10 मैचों में यह नौवीं बार था जब ऋतुराज टॉस नहीं जीत सके। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई को ऋतुराज और अजिंक्य रहाणे की सलामी जोड़ी ने दमदार शुरुआत दिलाई और दोनों ने पहले विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी की। गायकवाड़ और रहाणे ने पांचवें और छठे ओवर में सबसे ज्यादा रन निकाले। पावरप्ले की समाप्ति तक सीएसके का स्कोर 50 रन के पार पहुंच गया था। यह इस आईपीएल में पहली बार था जब सीएसके ने पावरप्ले के दौरान एक भी विकेट नहीं गंवाया था। हालांकि, नौवां ओवर डालने आए हरप्रीत बराड़ ने इस साझेदारी को रहाणे को आउट कर तोड़ा जो 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद बराड़ ने इसी ओवर में शिवम दुबे को अपना शिकार बनाया जो खाता खोले बिना ही पवेलियन लौटे। रवींद्र जडेजा को चाहर ने आउट कर चेन्नई की पारी लड़खड़ा दी। चेन्नई अच्छी शुरुआत को आगे नहीं बढ़ा सकी और उसने महज छह रन के अंदर तीन विकेट गंवाए।

### मध्य ओवरों में नहीं लगी एक भी बाउंड्री

नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के कारण चेन्नई की रन गति धीमी पड़ गई थी और टीम ने मध्य ओवरों (सात से 15) के बीच एक भी बाउंड्री नहीं लगाई। 2011 से आईपीएल में चौथी बार था जब मध्य ओवरों में कोई टीम एक भी बाउंड्री नहीं लगा सकी। इससे पहले पुणे ने केकेआर के खिलाफ 2012 में, आरसीबी ने राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स के खिलाफ 2017 में और राजस्था रॉयल्स 2021 में मुंबई के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान मध्य ओवर में एक भी बाउंड्री नहीं लगा पाया था।

## बाबा रामदेव के पतंजलि फूड्स को जीएसटी विभाग ने भेजा 27 करोड़ का नोटिस

मुंबई। योगगुरु बाबा रामदेव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। विज्ञापन मामले के बाद अब जीएसटी विभाग ने रामदेव की टेंशन बढ़ा दी है। पतंजलि फूड्स को तस्ज्ञ विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें करोड़ों रुपये के टैक्स क्रेडिट को लेकर सवाल पूछे गए हैं। पतंजलि फूड्स को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) आसूचना विभाग ने कारण बताओ नोटिस भेजकर कंपनी से यह बताने को कहा है कि उससे 27.46 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट क्यों नहीं वसूला जाना चाहिए। कंपनी द्वारा 26 अप्रैल को नियामक में जमा कराए गए विवरण के अनुसार, योग गुरु रामदेव के नेतृत्व वाली पतंजलि आयुर्वेद समूह की कंपनी को जीएसटी आसूचना महानिदेशालय, चंडीगढ़ जोनल यूनिट से नोटिस मिला है। यह कंपनी मुख्य रूप से खाद्य तेल व्यवसाय में है। कंपनी ने



कहा, ''कंपनी को एक कारण बताओ नोटिस प्राप्त हुआ है। कंपनी, उसके अधिकारियों और अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं को कारण बताने के लिए कहा गया है कि 27,46,14,343 रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट राशि (ब्याज सहित) क्यों नहीं वसूली जानी चाहिए, और क्यों जुर्माना नहीं लगाया जाना चाहिए।'

## सलमान खान फायरिंग मामले में आत्महत्या की कोशिश के बाद आरोपी अनुज थापन की मौत

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान फायरिंग मामले में बड़ा अपडेट आया है। आरोपी अनुज थापन को अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। मुंबई पुलिस के अनुसार, आरोपी अनुज ने पुलिस कस्टडी में आत्महत्या करने की कोशिश की थी, जिसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया था। बता दें कि अनुज को पुलिस ने गोलीबारी करने वाले आरोपियों को हथियार सप्लाई करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उल्लेखनीय है कि सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर दो लोगों ने गोलीबारी करने की कोशिश की थी।

## नडाल ने चौथे दौर में हार के बाद मैड्रिड ओपन से ली विदाई

मैड्रिड। राफेल नडाल ने चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका से चौथे दौर में 5-7, 4-6 से हार के बाद मैड्रिड ओपन, एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रशंसकों से विदाई ली, जिसे उन्होंने अपने शानदार करियर के दौरान पांच बार जीता था। टूर्नामेंट के पांच बार के चैंपियन (2005, 2010, 2013, 2014 और 2017) ने लेहेका के खिलाफ अपनी मैड्रिड ओपन यात्रा का चौथे दौर का मैच दो घंटे और दो मिनट तक चला।



एक जीत का मतलब मैड्रिड में स्पैनियार्ड के लिए जीत संख्या 60 होती, लेकिन 2003 में मैड्रिड एरेना में एलेक्स कोरेट्जा के खिलाफ अपने पहले मैच के बाद से उनकी गिनती अब हमेशा 59 जीत और सिर्फ 15 हार पर ही रहेगी। मैच के बाद, भावुक नडाल ने कोर्ट पर एक विशेष प्रस्तुति दी, जिसमें मैड्रिड ने अपने सबसे महान चैंपियन को अलविदा कहा और 2008, 10, 13-14 और 17 में उनके पांच खिताबों को चिह्नित करने वाले बैनर फहराए गए। एटीपी टूर ने नडाल के हवाले से कहा, यह मेरे लिए बहुत खास सप्ताह रहा है, कई मायनों में बहुत सकारात्मक, व्यक्तिगत रूप से और मेरे टेनिस के लिए।

मुझे फिर से कोर्ट पर खेलने का मौका मिला। कुछ हफ्ते पहले, बार्सिलोना से दो दिन पहले, मुझे नहीं पता था कि मैं फिर से एक आधिकारिक मैच में प्रतिस्पर्धा करूंगा और मैंने अब तक दो सप्ताह तक खेला है, यह अविस्मरणीय है। केवल एक चीज जो मैं कह सकता हूं वह है धन्यवाद। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है जो तब शुरू हुई जब मैं छोटा था। मैं पहली बार 2003 में मैड्रिड आया था, जब टूर्नामेंट इंडोर खेला गया था। मैं पहली बार प्रतिस्पर्धी महसूस करते हुए 2005 में यहां आया था। यह मेरे करियर की सबसे रोमांचक जीतों में से एक थी। तब से, हर किसी से बिना शर्त समर्थन मिल रहा है।

## कांग्रेस नेता का बड़ा बयान, संजू सैमसन हैं तो टीम इंडिया जीतेगी टी20 वर्ल्ड कप

नई दिल्ली। संजू सैमसन ने साल 2015 में टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया था। तब से लेकर अब तक कितने ही क्रिकेट वर्ल्ड कप निकल गए, लेकिन संजू सैमसन को खेलने का मौका नहीं मिला। मजे की बात तो ये भी थी कि जब टी20 वर्ल्ड कप करीब होता था, तब संजू वनडे खेल रहे होते थे और जब वनडे विश्व कप होना था, तब वे टी20 खेल रहे होते थे। ये पहली बार है, जब संजू वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया में चुने गए हैं। इस बीच कांग्रेस के एक नेता ने संजू के सेलेक्शन पर बड़ा बयान दे दिया है। नेता का कहना है कि संजू सैमसन हैं तो भारतीय टीम इस बार का टी20 वर्ल्ड कप जरूर जीतेगी। हम बात कर रहे हैं शशि थरूर की।



भारतीय टीम में संजू सैमसन के चुने जाने से फैंस काफी खुश हैं। वे ऋषभ पंत के साथ दूसरे विकेट कीपर की भूमिका निभाएंगे। हालांकि वे प्लेइंग इलेवन में चुने जाएंगे या नहीं, इसको लेकर सस्पेंस बना हुआ है। अब कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि केरल में उनके लोकसभा क्षेत्र तिरूवनंतपुरम का यह विकेटकीपर बल्लेबाज चयन का हकदार था। शशि थरूर ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि बीसीसीआई सेलेक्शन कमेटी को टी20 विश्व कप के लिए शानदार टीम चुनने पर बधाई। खुश हूं कि मेरे लोकसभा क्षेत्र की क्रिकेट विश्व कप में नुमाइंदगी होगी, चूंकि संजू सैमसन को टीम में चुना गया। यह टीम खिताब जीतेगी। आपको याद होगा कि पिछले साल जब भारत में वनडे विश्व कप खेला गया था तब संजू सैमसन टीम में नहीं थे और शशि थरूर ने इसकी काफी आलोचना भी की थी। संजू सैमसन इस वक्त आईपीएल में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर रहे हैं। उनकी टीम प्लेऑफ के काफी करीब है और एक मैच जीतने के साथ ही टीम क्वालीफाई कर जाएगी। कप्तान के तौर पर तो संजू ने अपना लोहा मनवाया ही है, साथ ही वे कमाल की बल्लेबाजी भी कर रहे हैं।

## रूस ने यूक्रेन पर किया मिसाइल अटैक, हैरी पॉटर महल नष्ट, 4 की मौत

नई दिल्ली। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन में 'हैरी पॉटर कैसल' नाम के एक सुंदर महल पर रूसी मिसाइल से हमला हुआ है. यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि हमले में लगभग 20 आवासीय इमारतें और बुनियादी सुविधाएं भी क्षतिग्रस्त हो गईं. रूसी हमले के वीडियो और चित्र सोशल मीडिया पर साझा किए गए हैं. यूक्रेन के अभियोजक जनरल कार्यालय द्वारा जारी किए गए हमले के वीडियो और तस्वीरों में एक शैक्षणिक संस्थान के शंकु के आकार के टावरों और छत को अपनी चपेट में लेते हुए दिखाया गया है. स्कॉटिश बैरोनियल ढेर की तरह दिखने के कारण इस संपत्ति को 'हैरी पॉटर महल' के नाम से भी जाना जाता है.

## हाईकोर्ट ने अश्नीर ग्रोवर को भारतपे शेयरों में थर्ड पार्टी राइट बनाने से रोका

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक अश्नीर ग्रोवर के खिलाफ एक निरोधक आदेश जारी किया, जिससे फिनटेक कंपनी के सह-संस्थापक, भाविक कोलाडिया द्वारा उन्हें हस्तांतरित 16,110 शेयरों में किसी भी तीसरे पक्ष के हित या अधिकार बनाने से रोक दिया गया।



यह आदेश न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने ग्रोवर के खिलाफ चल रहे मुकदमे के तहत कोलाडिया द्वारा दायर एक अंतरिम आवेदन के जवाब में जारी किया था। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रोवर को कानूनी कार्यवाही के समापन तक शेयरों से संबंधित कोई भी तीसरे पक्ष की व्यवस्था करने से बचना चाहिए। ग्रोवर 2017 में सह-संस्थापक कोलाडिया और शाश्वत नाकरानी के भारतपे में शामिल हुए, 2018 में तीसरे सह-संस्थापक के रूप में उन्होंने पिछले साल सार्वजनिक रूप से कहा था कि वह इन शेयरों में किसी तीसरे पक्ष को शामिल नहीं करेंगे।

यह घटनाक्रम इस साल की शुरुआत में नकरानी द्वारा दायर एक मुकदमे की त्वरित सुनवाई के लिए एक डिवीजन बेंच के आदेश का पालन करता है, जिसमें ग्रोवर को उनसे खरीदे गए अवैतनिक शेयरों में किसी तीसरे पक्ष के अधिकार को अलग करने, स्थानांतरित करने या बनाने से रोकने की मांग की गई थी।

# प्रथम पेज का शेष

*0 अमेठी-रायबरेली के उम्मीदवारों के नाम ....*

**जयराम रमेश ने कही थी यह बात**

इससे पहले कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को मीडिया से कहा था कि कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति ने पार्टी अध्यक्ष को अमेठी और रायबरेली सीटों पर उम्मीदवार घोषित करने का अधिकार दे दिया है। अगले कुछ घंटों में मल्लिकार्जुन खरगे नाम पर फैसला लेंगे और ऐलान भी कर देंगे।

***0 20 साल बाद संजय निरुपम की होगी 'घर वापसी'...***

उम्मीदवार के लिए जोर-शोर से प्रचार करूंगा। यह सुनिश्चित करने की कोशिश करूंगा कि शिवसेना के सभी उम्मीदवार जीतें।

संजय निरुपम ने कहा, शिवसेना में शामिल होने के बाद पार्टी जो आदेश देगी, मैं वही करूंगा। मेरा शिवसेना में शामिल होना बहुत खुशी की बात है। यह 20 साल बाद मेरी घर वापसी है, 20 साल पहले यह (शिवसेना) मेरा घर था। अब 20 साल बाद मैं दोबारा अपने घर में प्रवेश करने जा रहा हूं।

**शिवसेना को कैसे होगा फायदा?**

बता दें कि संजय निरुपम उत्तर-पश्चिम मुंबई निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते थे। लेकिन शिवसेना ने यहां से अपने विधायक रवींद्र वायकर को प्रत्याशी बनाया है। वायकर का मुकाबला शिवसेना (उद्धव गुट) के अमोल कीर्तिकर से है। इस लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से तीन पर बीजेपी और दो पर शिवसेना (यूबीटी) यानी उद्धव गुट का कब्जा है। वायकर इसी संसदीय सीट के अंतर्गत आनेवाले जोगेश्वरी (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना विधायक है। इस क्षेत्र में हिंदीभाषी मतदाताओं की संख्या अधिक है, ऐसे में संजय निरुपम के साथ आने से वायकर की जीत की संभावना बढ़ेगी।

## 1 मई से होने जा रहे ये बड़े बदलाव, आपकी जेब पर होगा सीधा असर

नई दिल्ली। एक मई के साथ वित्तीय जगत से जुड़े कई बदलाव होने वाले है। ये परिवर्तन सीधे आम आदमी की जेब पर असर डालेंगे। मई महीने में सिलेंडर की कीमतों में बदलाव हो सकता है। म्युचुअल फंड निवेशकों और बैंक ग्राहकों से जुड़े कई नियम भी बदलने वाले हैं। इसके अलावा क्या बदलाव होने जा रहे है आईए आपको इसके बारे में बताते है।

### पेट्रोल-डीजल और एलपीजी कीमतों में बदलाव

पेट्रोलियम कंपनियां हर महीने पेट्रोल-डीजल और एलपीजी के कमर्शियल व घरेलू सिलेंडरों की कीमतों की समीक्षा करती है। ऐसे में संभव है एक मई से इनकी कीमतों में परिवर्तन देखने को मिले। हालांकि इसका एलान 30 अप्रैल की मध्यरात्रि के बाद ही होने की संभावना है। देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं ऐसे में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में होने वाले किसी भी बदलाव पर आम आदमी की नजर बनी रहेगी।

### म्युचुअल फंड निवेशकों के लिए जरूरी बदलाव

अगर आप म्युचुअल फंड में निवेश करते हैं तो एक मई 2024 से एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। 30 अप्रैल 2024 के बाद अगर आपके म्युचुअल आवेदन पर लिखा नाम आपके पैन कार्ड पर लिखे नाम के सामान नहीं हुआ तो आपका आवेदन रद्द हो जाएगा। आधिकारिक रिकॉर्ड में आपका नाम एक जैसा दिखे यह सुनिश्चित करने के लिए केवाईसी नियमों में बदलाव किया गया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अनिवार्य केवाईसी नियम कहते हैं कि आपका नाम एक समान होना चाहिए। इसे अनुसार आप पहली बार म्यूचुअल फंड फोलियो में निवेश कर रहे हैं, तो आपका नाम और आपकी जन्मतिथि आपके क्ष्ह पर लिखे नाम और जन्मतिथि के साथ-साथ आपके इनकम टैक्स रिकॉर्ड के समान होना चाहिए। राहत की बात यह है कि नया नियम नए निवेशकों को प्रभावित करेगा, न कि मौजूदा निवेशकों को।

### आईसीआईसीआई बैंक में होंगे ये बदलाव

1 मई से आईसीआईसीआई बैंक बचत खाता सेवाओं पर लगने वाले शुल्क में परिवर्तन करेगा। इसमें डेबिट कार्ड पर लगने वाले 200 रुपये तक की सालाना फीस शामिल है। ग्रामीण इलाकों के लिए यह शुल्क 99 रुपये प्रति वर्ष है। चेक बुक की बात करें तो एक वर्ष में 25 चेक तक को शुल्क देय नहीं होगा पर इससे अधिक के लिए बैंक 4 रुपये प्रति चेक का शुल्क वसूल करेगा।

बैंक आउटवर्ड इमीडिएट पेमेंट सर्विस (आईएमपीएस) लेनदेन के लिए 2.5 रुपये से 15 रुपये प्रति लेनदेन के हिसाब से शुल्क लेगा। डिमांड ड्राफ्ट या पे ऑर्डर को रद्द करने, डुप्लिकेट या रिवैलिडेशन के लिए बैंक 100 रुपये का शुल्क लेगा। बैंक हस्ताक्षर सत्यापन के लिए प्रति आवेदन के लिए 100 रुपये और बैंक शाखा के जरिए किसी विशेष चेक के भुगतान को रोकने के लिए 100 रुपये चार्ज करेगा हालांकि कस्टमर केयर आईवीआर और नेट बैंकिंग के माध्यम से यह सुविधा मुफ्त में मिलेगी। वित्तीय कारणों से ईसीएस/एनएसीएच डेबिट रिटर्न पर 500 रुपये जुर्माना लगेगा।

### यस बैंक के बचत खातों से जुड़े शुल्क बदलेंगे

यस बैंक ने 1 मई बचत खाता सेवाओं पर लगने वाले शुल्क में बदलाव की घोषणा की है। बैंक ने बचत खातों में अनिवार्य औसत मासिक शेष (एएमबी) से कम होने की स्थिति में अधिकतम शुल्क बढ़ा दिया है। अब बैंक ऐसी स्थिति में 250 रुपये से 1,000 रुपये के बीच चार्ज करेगा। इससे पहले यह शुल्क 250 रुपये से 750 रुपये के बीच था। बचत खाते के प्रकार, बैंक शाखा के स्थान और खाते में कमी की राशि के आधार पर यह शुल्क अलग-अलग होते हैं।

### वरिष्ठ नागरिकों की एफडी से जुड़ा बदलाव

एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ नागरिकों के सावधि जमा खातों में निवेश की आखिरी तारीख 02 मई 2024 है। इन खातों में सामान्य एफडी खातों की तुलना में 0.75त्न अधिक ब्याज दिया जाता है। यह ऑफर 60 वर्ष या उससे से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों के लिए है। संभव है कि बैंक की ओर इन खातों में जमा की आखिरी तारीख में बदलाव किया जाए और इसे आगे बढ़ा दिया जाए।

## एलन मस्क ने पूरी टेस्ला चार्जिंग नेटवर्क टीम को हटाया



नई दिल्ली। एलन मस्क ने एक नए छंटनी दौर में टेस्ला की पूरी चार्जिंग टीम को ही भंग कर दिया, जो सभी के लिए अप्रत्याशित और हैरान करने वाला फैसला है। टेस्ला के सुपरचार्जर नेटवर्क में छंटनी इसके कनेक्टर का उपयोग करने के लिए फोर्ड और जनरल मोटर्स जैसे टॉप वाहन निर्माताओं को शामिल करने के बावजूद हुई है।

टेस्ला के सुपरचार्जर नेटवर्क में कनेक्टर तकनीक है जिसे उत्तरी अमेरिकी चार्जिंग स्टैंडर्ड (एनएसीएस) के रूप में जाना जाता है, इसे प्रमुख वाहन निर्माताओं द्वारा अपनाया जा रहा है। वरिष्ठ कर्मचारियों को एक ईमेल में, टेस्ला सीईओ ने उनसे कहा कि वे ऐसे कर्मचारियों को हटा दें जो स्पष्ट रूप से उत्कृष्ट, आवश्यक और भरोसेमंद परीक्षा पास नहीं करते हैं या इस्तीफा दे दें। चार्जिंग के प्रभावित कर्मचारियों में से एक विल जेमिसन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, उन्होंने हमारे पूरे चार्जिंग संगठन को जाने दिया।

उन्होंने पोस्ट किया, चार्जिंग नेटवर्क, एनएसीएस और पूरे उद्योग में हम जो रोमांचक काम कर रहे थे, उसके लिए इसका क्या मतलब है मुझे अभी तक नहीं पता। यह कितना अजीब सफर रहा है। एलन मस्क के ईमेल के हवाले से टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला कुछ नए सुपरचार्जर स्थानों का निर्माण जारी रखेगा और वर्तमान में निर्माणाधीन स्थानों को पूरा करेगा। नौकरी में ये नई कटौती तब हुई जब टेस्ला ने पुनर्गठन योजना के तहत अपने विश्व कार्यबल के 10 प्रतिशत से अधिक को निकाल दिया था। एलन मस्क ने टेस्ला की पब्लिक पॉलिसी टीम को भी भंग कर दिया है।

# 'टाइगर जिंदा है और....'



**सलमान खान इन दिनों लगातार चर्चा में बने हुए हैं। एक तरफ जहां प्रोफेशनल फ्रंट में उनकी फिल्म सिकंदर की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है तो वहीं दूसरी तरफ कुछ दिनों पहले ही उनके घर के बाहर मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने गोली चला दी थी। फायरिंग घटना के बाद अब हाल में सलमान खान ने यूके के सांसद बैरी गार्डिनर से मुलाकात की।**

बॉलीवुड के दबंग सलमान खान पिछले काफी समय से चर्चा में हैं। कुछ दिनों पहले ही उनके घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर दो मोटरसाइकिल पर सवार लोगों ने गोली चला दी थी। फिलहाल दोनों ही आरोपी पुलिस हिरासत में हैं और बहुत तेजी से इस मामले की छानबीन हो रही है। इस बीच सलमान खान लगातार अपने काम कर रहे हैं।

कुछ दिनों में ही वह निर्देशक ए आर मुरुगदोस के साथ अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग शुरू कर देंगे। हालांकि, इस वक्त सलमान खान लंदन में हैं, जहां के सांसद बैरी गार्डिनर संग मुलाकात की उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

लंदन के सांसद बैरी गार्डिनर ने बॉलीवुड के टाइगर सलमान खान के साथ मुलाकात करने के दौरान की कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में दोनों वेम्बले स्टेडियम के अंदर हैं और कैमरे के लिए पोज कर रहे हैं। पहली फोटो में सलमान खान और बैरी गार्डिनर एक-दूसरे से हाथ मिला रहे हैं। फोटो में सलमान खान ने ब्लैक टी-शर्ट शेडेड जींस के साथ जहां जैकेट पहनी हुई है और वह हमेशा की तरह हैंडसम लग रहे हैं, तो वहीं दूसरी फोटो में दबंग खान और यूके के सांसद आपस में कुछ गुफ्तगू करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए बैरी गार्डिनर ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, टाइगर जिंदा है और लंदन में है। सलमान खान से आज वेम्बले स्टेडियम में मिलकर बहुत खुशी हुई।

सलमान खान की लंदन के यूके के सांसद बैरी गार्डिनर के साथ वायरल तस्वीरें देख फैंस अपनी खुशी नहीं रोक पा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, कैजुअल जींस और टी-शर्त सलमान खान को काफी सूट करता है। कोई भी इतने साधारण कपड़ों को इतनी अच्छी तरह से कैरी नहीं कर पाता। दूसरे यूजर ने लिखा, मेगास्टार, सलमान खान इंडिया के सबसे बड़े स्टार हैं, जिन्हें भीड़ खींचना आता है। अन्य यूजर ने लिखा, हिंदी सिनेमा का टाइगर है सलमान खान। आपको बता दें कि सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' साल 2025 में ईद के मौके पर रिलीज होगी।

## परिणीति चोपड़ा के हसबैंड राघव चड्ढा को हुई ये गंभीर बीमारी



परिणीति चोपड़ा के पति और पॉलिटिशियन राघव चड्ढा को एक गंभीर बीमारी हो गई है. एक्ट्रेस के हसबैंड इलाज के लिए इन दिनों ब्रिटेन में हैं. चलिए जानते हैं आखिर परिणीति के राघव को क्या हुआ है?

परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा बॉलीवुड के मोस्ट पॉपुलर कपल्स में से एक हैं. इस प्यारी सी जोड़ी ने साल 2023 में शादी की थी. तब से दोनों एक-दूसरे पर अक्सर प्यार लुटाते रहते हैं. हालांकि परिणीति चोपड़ा के पति राघव चड्ढा इन दिनों मुश्किल से जूझ रहे हैं.

परिणीति चोपड़ा जहां अपनी लेटेस्ट रिलीज फिल्म अमर सिंह चमकीला की सक्सेस एंजॉय कर रही हैं वहीं वे पर्सनल लाइफ में अपने पति राघव चड्ढा को हुई एक बीमारी की वजह से काफी चुनौती का सामना भी कर रही हैं.

बता दें कि परिणीति के पॉलिटिशियन हसबैंड राघव की ब्रिटेन में आंख की मेजर सर्जरी हुई है और अगर वे वक्त रहते इलाज नहीं कराते तो उनकी आंख की रोशनी भी जा सकती थी.

दरअसल दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने खुलासा किया कि राघ पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा इसलिए चुनाव के दौरान प्रचार कार्यक्रम में मौजूद नहीं हैं क्योंकि उनकी आंख की सर्जरी हुई है.

वहीं इससे पहले, बॉलीवुड हंगामा को दिए एक इंटरव्यू में परिणीति चोपड़ा ने अपनी शादीशुदा जिंदगी के बारे में खुलकर बात की थी और खुलासा किया था कि उन्हें अपने पति राघव चड्ढा से केवल एक शिकायत है. अभिनेत्री ने खुलासा किया कि शादी से पहले उन्हें राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं थी, लेकिन अब, वह अपने पति के प्रोफेशन के बारे में और ज्यादा जानने के लिए एक्साइटेड रहती हैं. हालाँकि, परिणीति ने बताया कि, राघव को उनके प्रोफेशन के बारे में जानने में कोई दिलचस्पी नहीं है.

बता दें कि परिणीति चोपड़ा ने 24 सितंबर को उदयपुर में राघव चड्ढा के साथ ग्रैंड शादी की थी. इनकी बिग फैट वेडिंग में गीता बसरा, मनीष मल्होत्रा सहित अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान जैसे नेता शामिल हुए थे.

अपनी शादी में दूल्हे राघव ने पवन सचदेवा के डिज़ाइन को चुना, जबकि दुल्हन परिणीति ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिज़ाइन किए गए आउटफिट को पहना था. दोनों ही बेहद खूबसूरत लग रहे थे.

शादी के बाद से कपल अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी प्यार में डूबी तस्वीरें शेयर करता रहता है जिन्हें फैंस फभी खूब लाइक करते हैं.

एक्ट्रेस ने अपने पहले करवाचौथ की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की थी. इस दौरान परिणीति ने रेड कलर का आउटफिट पहना था और वे बेहद खूबसूरत लग रही थीं. वहीं उनके पति राघव येलो कुर्ते और व्हाइट पाजामे में जंच रहे थे.

वहीं वर्क फ्रंट की बात करें तो परिणीति की हाल ही में नेटफ्लिक्स पर इम्तियाज अली निर्देशित अमर सिंह चमकीला रिलीज हुई है. इस फिल्म में परिणीति ने दिलजीत दोसांझ संग स्क्रीन शेयर की है. फिल्म में परिणीति की एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही हैं.



## गरीबों के मसीहा हैं सोनू सूद!

**सोनू सूद अपने प्रशंसकों के दिलों में बसते हैं। वे न सिर्फ अपने अभिनय की काबिलियत की वजह से चहेते हैं, बल्कि दूसरों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने की वजह से भी लोग उन्हें बेहद पसंद करते हैं।**

अभिनेता सोनू सूद को गरीबों का मसीहा कहा जाता है। वे जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तमाम लोग उनसे मदद की गुहार लगाते हैं। इसके अलावा उनके निजी मोबाइल नंबर और व्हॉट्सएप के जरिए भी लोग मदद मांगते दिखते हैं। बीते दिनों सोनू सूद का व्हॉट्सएप ब्लॉक हो गया। इससे उन लोगों को काफी परेशानी हुई, जिन्हें अभिनेता से मदद की दरकार थी। हालांकि, सोनू का नंबर ब्लॉक होने के बाद मदद लेने के लिए लोग उनके घर पहुंच गए।

आधी रात अभिनेता के घर जुटी भीड़

किसी गरीब का उपचार कराना हो या किसी को अन्य आर्थिक मदद की जरूरत हो, सोनू सूद के पास बात पहुंचने पर वे तत्काल तैयार रहते हैं। हाल ही में उनका व्हाट्सएप बंद कर दिया गया था। करीब 61 घंटों के बाद उनके अकाउंट को दोबारा शुरू कर दिया गया। लेकिन, इस बीच लोगों को काफी परेशानी हुई। अभिनेता का नंबर ब्लॉक होने के बाद लोग सीधे तौर पर उनसे मदद मांगने उनके घर पहुंच गए। इसे लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**लोगों से मिलकर दी तसल्ली**

वायरल वीडियो पर यूजर्स सोनू सूद की दिल खोलकर तारीफ लिख रहे हैं और उन्हें दुआएं दे रहे हैं। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि लोग अपने बच्चों और परिवारों को लेकर अभिनेता के आवास पर इकट्ठे हुए हैं। सोनू सूद सभी से मिलकर उन्हें तसल्ली देते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर एक यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, आपके लिए दिल में अलग सम्मान है। एक अन्य यूजर ने लिखा, फिल्मों में आप विलेन हैं, लेकिन असल जिंदगी में आप हीरो से भी बढ़कर हैं।

**अभिनेता ने जताई थी नाराजगी**

नंबर ब्लॉक होने के बाद सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जताई थी। वर्क फ्रंट की बात करें तो सोनू इन दिनों अपनी फिल्म फतेह को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। फिल्म का टीजर इसी साल मार्च में रिलीज किया गया था। इसे देखकर लोग उम्मीद जता रहे हैं कि उन्हें फिल्म में रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलेगा। फिल्म में उनके साथ जैकलीन फर्नांडीज भी नजर आएंगी।

## विवादों में घिरी रजनीकांत की 'कुली'





साउथ सुपरस्टार रजनीकांत के फिल्मी करियर की 171वीं फिल्म कुली का लेटेस्ट टीजर रिलीज किया गया है। जिसको लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। लेकिन इस बीच कुली अब मुश्किल में फंसती हुई नजर आ रही हैं। साउथ सिनेमा के दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा ने कुली की टीम को लीगल नोटिस भेज दिया है।

रजनीकांत साउथ सिनेमा के वो दिग्गज कलाकार हैं, जिनकी फिल्मों का फैंस बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। हाल ही में उनके करियर की 171वीं फिल्म कुली का शानदार टीजर रिलीज किया गया, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया और रजनीकांत की इस मूवी को लेकर फैंस में जबरदस्त हाइप बन गया है।

लेकिन अब कुली को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के फेमस संगीतकार इलैयाराजा ने फिल्म की टीम के खिलाफ लीगल नोटिस जारी किया है। आइए जानते हैं उन्होंने ये एक्शन क्यों लिया है।

कुछ दिन पहले निर्देशक लोकेश कनगराज की आने वाली फिल्म कुली का शानदार टीजर रिलीज किया गया। इस टीजर में रजनीकांत का स्वैग और एक्शन बेहतरीन तरीके से देखने को मिला और बैकग्राउंड में बजते म्यूजिक ने हर किसी का ध्यान खींचा। लेकिन अब खबर है कि इस संगीत को लेकर म्यूजिक डायरेक्टर इलैयाराजा ने सख्ती अपनाई है। ई टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार कुली के टीजर में संगीतकार अनिरुद्ध ने इलैयाराजा के सॉन्ग वा वा पाखम वा को रिक्रिएट किया है। जिसको लेकर इलैयाराजा ने कुली की टीम को कॉपीराइट लीगल नोटिस भेज दिया और कहा है कि मेरी बिना इजाजत के संगीत को इस्तेमाल किया गया है।

कॉपीराइट एक्टर 1957 के तहत इलैयाराजा ने ये कार्रवाई की है। कुली के निर्देशक लोकेश कनगराज से इलैयाराजा ने इस मामले को लेकर जवाब मांगा है। ऐसे में अब उनकी तरफ से क्या जवाब आता है, उसका हर कोई इंतजार कर रहा है।

कुली का सबको इंतजार जेलर और लाल सलाम के बाद आने वाले समय में रजनीकांत निर्देशक लोकेश कनगराज की कुली में धमाल मचाते दिखेंगे। इस मूवी में उनके साथ कमल हासन की बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन भी अहम किरदार में दिखेंगी।

हालांकि अभी फिल्म की रिलीज डेट रिवील नहीं की गई है।

## गम में डूबे पंकज त्रिपाठी, काम से बनाई दूरी!

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी और उनका परिवार इन दिनों दुःखों से गुजर रहे हैं। हाल ही में उनके बहनोई की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। कार में मौजूद उनकी बहन भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हालांकि, अब वह खतरे से बाहर हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता ने कुछ समय के लिए अपने काम से अवकाश लिया है।



**क्या पंकज त्रिपाठी की शूटिंग देखने जा रहे थे उनके बहनोई?**

दुर्घटना के बाद कई तरह की अफवाहें उड़ी, जिसमें यह भी कहा गया कि उनकी बहन और बहनोई उनके फिल्म की शूटिंग देखने जा रहे थे। हालांकि, इन सभी अफवाहों का खंडन करते हुए मीडिया की एक रिपोर्ट का कहना है कि जब यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी तो अभिनेता अपने गांव में थे और कोई शूटिंग नहीं कर रहे थे। हालांकि, इस दुर्घटना के बाद पंकज और उनका परिवार इस दुःख से उबरने की कोशिश में लगा हुआ है। पंकज अपने परिवार के सदस्यों के साथ समय बिता रहे हैं।

अभिनेता के बहनोई के साथ यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना 20 अप्रैल को दिल्ली-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई थी। पंकज की बहन और बहनोई बिहार के गोपालगंज से पश्चिम बंगाल जा रहे थे। उसी दौरान कार रोड डिवाइडर से टकरा गई। हादसे का कथित सीसीटीवी वीडियो भी वायरल हुआ था। हादसे की वजह कार का अनियंत्रित हो जाना बताया गया।

पंकज त्रिपाठी की बहुप्रतिक्षीत वेब सीरीज मिर्जापुर जल्द ही रिलीज होने वाली है। वहीं, अभिनेता का नाम कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ के लिए भी लिया जा रहा है।

फिलहाल, अभिनेता के हाथ में अनुराग बसु की सीरीज क्रिमिनल जस्टिस है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पंकज त्रिपाठी मई के पहले सप्ताह में अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग के लिए वापसी कर सकते हैं।

## अब आलिया और बॉबी में होगी तगड़ी भिड़ंत





स्पाई यूनिवर्स में अपने डेब्यू पर आलिया, एक-दो नहीं बल्कि सात एक्शन सेट पीस में धमाका करती नजर आएंगी. डायरेक्टर शिव रवैल की ये फिल्म एक हाई एक्शन प्रोजेक्ट होने वाली है. बॉबी जैसे खूंखार विलेन के साथ आलिया का एक्शन भरा फेस-ऑफ बहुत मजेदार होने वाला है.

इस बात को बहुत दिन नहीं हुए हैं जब जनता ने रणबीर कपूर और बॉबी देओल को फिल्म 'एनिमल' में गुत्थमगुत्था होते देखा था. डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने जिस धांसू स्टाइल में इन दोनों एक्टर्स का फाइट सीक्वेंस तैयार किया था, उसने बड़े पर्दे पर जनता को जमकर थ्रिल दिया. रणबीर के बाद अब उनकी पत्नी आलिया भट्ट स्क्रीन पर बॉबी देओल से भिड़ने जा रही हैं.

कुछ समय पहले खबर आई थी कि आलिया यश राज फिल्म्स के स्पाई-यूनिवर्स का हिस्सा बनने जा रही हैं. वो जल्द ही शाहरुख खान के 'पठान' और सलमान खान के 'टाइगर' अवतार वाले इस यूनिवर्स में नई स्पाई होंगी. उनके साथ फिल्म में शरवरी वाघ भी होंगी. हाल ही में ये खबर आई थी कि बॉबी देओल इस फिल्म में विलेन के रोल में एंट्री लेने जा रहे हैं. अब रिपोर्ट्स में सामने आया है कि मेकर्स ने आलिया और बॉबी की ऑनस्क्रीन भिड़ंत का तगड़ा प्लान तैयार किया है.

एक नहीं सात तूफानी एक्शन सेट पीस आलिया की फिल्म के बारे में मिड डे की एक रिपोर्ट बताती है कि यश राज फिल्म्स के आदित्य चोपड़ा इस फिल्म को एक कूल एक्शन एंटरटेनर बनाना चाहते हैं. एक सूत्र ने बताया कि स्पाई यूनिवर्स का पहला फीमेल लीड प्रोजेक्ट होने के नाते इस फिल्म पर मेकर्स का खास जोर है. स्पाई यूनिवर्स में अपने डेब्यू पर आलिया, एक-दो नहीं बल्कि सात एक्शन सेट पीस में धमाका करती नजर आएंगी. डायरेक्टर शिव रवैल की ये फिल्म एक हाई एक्शन प्रोजेक्ट होने वाली है.

# आपसी रंजीश के चलते मजदूर की हत्या, घरेलू तार व बारूद से विस्फोटक पदार्थ बनाकर स्टार्टर में किया था फिट

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जामसरार स्थित एक फार्म के बोर पंप स्टार्टर बटन में जुगाड़ बम का विस्फोट कर मजदूर की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। उक्त मजदूर का हत्यारा गांव का ही इलेक्ट्रिशियन निकला। बताया जाता है कि फार्म मालिक वैष्णव परिवार से पुरानी रंजिश व चुनाव में मिली हार का बदला लेने के लिए उसने उक्त घटना को अंजाम दिया था लेकिन उक्त घटना में वैष्णव परिवार के सदस्य के बजाय फार्म में काम करने वाला मजदूर हत्या का शिकार हो गया।

बताया जाता है कि पुलिस को घटना स्थल में मोटर स्टार्टर पैनल पर लगे अतिरिक्त वायर से अहम सुराग मिले थे।आरोपी ने हत्या को अंजाम देने हेतू घरेलू तार व फटाखे के बारूद का इस्तेमाल किया था।आरोपी विगत छः माह से घटना को अंजाम देने के लिये मौके का इंतजार कर रहा था। आरोपी का नाम कुमान कंवर पिता नरेंद्र कंवर (38 साल) निवासी जामसरार कला बताया जाता है जो वैष्णव परिवार से पूर्व से रंजिश रखता था जिसने वर्ष 2015 से ही अपने बांये हाथ मे गोदना से मेरा जानी दुश्मन संतोष, सतीश, पप्पु का छोटा भाई व पूरा वैष्णव परिवार लिखा रखा था।आरोपी के पूर्व के कई आपराधिक रिकॉर्ड भी हैं।

### फार्म में बम विस्फोट

बता दें कि रविवार वार 28 अप्रैल की सुबह लगभग 06.30 बजे से 7 बजे के बीच ग्राम जामसरार कला में सिचाई मोटर पंप को स्टार्ट करने के दौरान वहां काम करने वाले मजदूर नरेश कुमार ओटी की ब्लास्ट से मौके पर मौत हो गई थी। इस घटना से मजदूर नरेश का चेहरा, सिर, हाथ क्षत -विक्षत हो गया था। ब्लास्ट इतना जबरदस्त था की मौके पर ढाई से तीन फिट गड्ढा बन गया व मृतक का शव करीब 26 फिट दूर जा गिरा था।घटना की गंभीरता को देखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन पर दुर्ग एफएसएल की टीम, सायबर सेल राजनांदगांव प्रभारी निरी0 जितेन्द्र वर्मा की टीम एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे तत्काल टीम गठित कर घटना स्थल पहुंच कर निरीक्षण करने व आरोपी की पता तलाश करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव मे अज्ञात हत्यारा आरोपी के खिलाफ अप0 क्र0 104/24 धारा 302 भादवि विस्फोटक पदार्थ अधि0 की धारा- 3, 5 अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है। इस दौरान प्रार्थी से उसके फार्म में काम करने वाले मजदूरों व पूर्व रंजिश रखने वाले की संबंध में जानकारी ली गई।

### आरोपी की बदला लेने की नीयत

इसमें पुलिस को जामसरार गांव का कुमान कंवर का पूर्व से वैष्णव परिवार से रंजिश होना व बिजली मिस्त्री का काम करना व पूर्व अपराधिक रिकार्ड होना पाया गया। बताया जाता है कि कुमान कंवर का वैष्णव परिवार के साथ छोटी-छोटी बातों पर पूर्व से विवाद होते रहता था। सन 2015 में संतोष वैष्णव के मां मनोरमा वैष्णव नगर पंचायत में खड़ी हुई थी तथा आरोपी की पत्नि जमुना बाई ग्राम जामसरार कला की पंचायत चुनाव लड़ी थी इसी चुनावी माहौल में पूर्व में वैष्णव परिवार व आरोपी के मध्य वाद विवाद हुआ था। पूर्व में आरोपी के पूर्वज के द्वारा पैतृक जमीन को वैष्णव परिवार को बेचा गया था। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। नवंबर-दिसबंर 2023 में सुनील वैष्णव उर्फ पप्पू के साथ फसल कटाई के संबंध में पुनः वादविवाद हुआ था जिससे आरोपी के मन में वैष्णव परिवार के प्रति बदला लेने और आक्रोश की भावना आ गई थी।

**गांव का इलेक्टीशियन ही निकला हत्या का आरोपी**



**इलेक्ट्रीशियन बोला- सुनील वैष्णव की जगह नरेश मारा गया**

### इलेक्ट्रिशियन था आरोपी

आरोपी पूर्व से बिजली इलेक्ट्रीश्यन का काम भली -भांति जानता है व बिजली विभाग में भी अस्थाई तौर पर ठेकेदारी में बिजली मिस्त्री का काम करता है। आरोपी के द्वारा पूर्व से ही दीवाली में फोडने वाला फटाका (बम) को लाकर अपने घर की बाड़ी में छोटा बम तैयार कर सेल बैटरी के माध्यम से फोडा था। जिसमें वह सफल भी रहा। धीरे-धीरे दीवाली के समय से अत्याधिक मात्रा में बम पटाखा का बारूद इकठ्ठा कर कचरे के डिब्बे से एक प्लास्टिक का डिब्बा में बारूद भर कर वायर कनेक्शन कर बम तैयार कर पूर्व से ही अपने घर में छुपा कर रखा था। वहीं बम फोड़ने के लिये कनेक्शन के लिये बिजली दुकान से वायर पूर्व से खरीद कर रखा था। आरोपी जानता था कि पानी मोटर को रोज सुबह सुनील वैष्णव आकर चालू करता है। केवल समय का इंतजार कर गड्ढा खोद कर कनेक्शन करना शेष था।

पुलिस ने पत्रकारवार्ता में बताया कि दिनांक 28.04.2024 की रात्रि करीब डेढ़ बजे बेटी को डाक्टर को दिखाकर व शादी से बेटी को लेकर पत्नि के साथ वापस ग्राम जामसरार आया तो देखा की संतोष वैष्णव का फार्म हाउस का लाईट बंद था। जिससे उसने अंधेरे में फार्म हाउस के अंदर जाकर जुगाड़ बम फीट करने का इससे अच्छा मौका नहीं मिलेगा ऐसा तत्काल योजना बनाया। रात्रि करीब 2:30 बजे संतोष वैष्णव के फार्म हाउस जाकर देखा की सीढ़ी के नीचे बोर पंप का स्टार्टर लगा हुआ था। सीढ़ी के नीचे ही सब्बल रखा हुआ था। जिससे करीब डेढ़ से दो फिट गड्ढा खोदकर स्वयं के बनाया हुआ जुगाड़ बम प्लास्टिक डिब्बे को गढ्ढे के अंदर गाड़ कर मिट्टी और झिल्ली व बोरियों से ढक दिया। कनेक्शन बाहर निकाल कर मोटर पैनल से कनेक्ट कर दिया और घर में जाकर सो गया। अगले दिन 28 अप्रेल को सुबह करीब 6:30 से 7:00 के बीच जब बाड़ी काम करने वाला मजदूर नरेश कुमार ओटी जो ग्राम मनेरी का रहने वाला जो मोटर स्टार्ट करने गया तो ब्लास्ट से नरेश की मौके पर मृत्यु हो गई।

### पुलिस को गुमराह कर रहा था आरोपी

आरोपी कुमान कंवर पूर्व में घटना दिनांक को ग्राम में व घटना स्थल में अपनी उपस्थिति न होने के कारण पुलिस को गुमराह करता रहा परन्तु घटना स्थल निरीक्षण पर एफएसएल टीम व पुलिस टीम द्वारा मौके पर मोटर पंप पैनल कनेक्शन में उपयोग लाये गये अतिरिक्ति कॉले रंग के एक एमएम के वायर जो विस्फोट में उपयोग किया गया था जिससे पुलिस को अहम सुराग मिला और उक्त वायर तलाशी पर कुमान कुमार कवंर के घर से बरामद किया गया। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ किए जाने पर कुमान कंवर ने उक्त घटना करना व पुरानी रंजिश के चलते सुनील वैष्णव को मारने के लिये जुगाड़ बम फीट करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश जा रहा है।

उक्त हत्या के मामले को सुलझाने में थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, उपनिरीक्षक लाभाराम ध्रुव, सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर प्रसाद यादव देवकुमार रावटे, प्रधान आरक्षक भुपेन्द्र कौंचे, आरक्षक योगेश साहू, गौरव शेण्डे, सगनु निषाद, आशाराम ध्रुव, राजेन्द्र नाविक, राकेश कुमार साहू, सायबर सेल से सउनि सुमन कर्ष, आरक्षक मनोज खुटे, अमित सोनी, योगेश राठौर, हरीश ठाकुर, मनीष, आदित्य का विशेष योगदान रहा है।

## आज से छत्तीसगढ़ बोर्ड की टोल फ्री नंबर शुरू, रिजल्ट से छात्रों के तनाव को दूर करेंगे एक्सपर्ट्स, काउंसलर भी देंगे सलाह




रायपुर। छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल का 10वीं और 12वीं का परिणाम कुछ दिन बाद जारी किया जाएगा। इसके अलावा आने वाले समय में कई परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम भी घोषित किए जाएंगे।

छत्तीसगढ़ बोर्ड की सचिव पुष्पा साहू ने कहा कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों और पालकों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है। तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। परीक्षा परिणामों को लेकर कई बार पालकों की भी नकारात्मक भूमिका सामने आई है। इसको दूर करने के लिए माशिमं ने टोल फ्री नंबर 18002334363 पर एक मई से 15 मई तक सुबह 10.30 बजे से शाम पांच बजे तक ले सकते है। साथ मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर चौबीस घंटे सातों दिन संपर्क कर निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

टोल फ्री नंबर मनोवैज्ञानिक चिकित्सक, कैरियर सलाहकार समेत कई विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। वहीं माशिमं ने माता-पिता को सलाह दी है कि यदि तनाव ग्रसित बच्चों में पहले से भी कुछ लक्षण दिखने लगते है। तुरंत टोल फ्री नंबर से संपर्क करें। बच्चों में ज्यादातर शांत (मौन) रहना, अकेले गुमसुम रहना, किसी काम

## भाजपा नेताओं को प्रदेश नेतृत्व ने जवाबदारी सौपी





राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण संपन्न होने के पश्चात भाजपा ने तृतीय चरण की शेष 7 सीटों पर चुनाव प्रचार का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, इस हेतु राजनांदगांव के भाजपा नेताओं को प्रदेश नेतृत्व ने शेष सात लोकसभा सीटों पर जवाबदारियां तय की है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रायपुर लोकसभा के समन्वययक के रूप में खूबचंद पारख एवं प्रदीप गांधी को जवाबदारी की गई है। दुर्ग लोकसभा की जवाबदारी सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे को दी गई है। रायपुर लोकसभा की सामाजिक समरसता की जवाबदारी पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को दी गई है। इसी तरह उत्तर रायपुर की जवाबदारी जिला अध्यक्ष रमेश पटेल को दी गई है, बहुत चर्चित कोरबा लोकसभा क्षेत्र की जवाबदारी पूर्व सांसद मधुसूदन यादव को सौंपी गई है, इसी तरह से बेमेतरा क्षेत्र की जवाबदारी युवा नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा को दी गई है। मुंगेली क्षेत्र की जवाबदारी किसान नेता कोमल सिंह राजपूत को दी गई है।

दुर्ग लोकसभा का पालक बनाकर साजा क्षेत्र की जवाबदारी प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा को दी गई है। प्रदेश महामंत्री रामजी भारती एवं शशिकांत द्विवेदी को अहिरवारा क्षेत्र की जवाबदारी दी गई है। दुर्ग ग्रामीण की जवाबदारी दिनेश गांधी को दी गई है, रविंद्र वैष्णव एवं गीता घासी साहू को दुर्ग लोकसभा की जवाबदारी गई है। सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल को पाटन क्षेत्र में जवाबदारी दी गई है।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि इस बार भाजपा छत्तीसगढ़ को कांग्रेस मुक्त करेगी और 11 की 11 लोकसभा सीट जीतकर मोदी जी के 400 पार के मंत्र को मजबूत करेगी।

## रिटायर्ड आईएफएस राकेश चतुर्वेदी ने थामा भाजपा का दामन, मंत्री ओपी चौधरी बोले- डूबती नाव है कांग्रेस



कोरबा। रिटायर्ड आईएफएस राकेश चतुर्वेदी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के दौरान राकेश चतुर्वेदी ने भाजपा की सदस्यता ली। मंत्री ओपी चौधरी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि भाजपा में लगातार लोग शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस एक डूबती नाव है, जिसे छोड़कर सभी भागना चाहते हैं कांग्रेस के जो अच्छे लोग हैं वह वापस भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

## केंद्रों से उठाव नहीं होने से समितियों में सड़ रहा धान, शार्टेज की भरपाई कैसे होगी

राजनांदगांव (दावा)। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी जिले में धान का उठाव अब तक नहीं हो पाया है। विपणन विभाग की लापरवाही का खामियाजा समितियों को भुगतना पड़ेगा। वर्षा, धूप और चूहों के बारदानों को कुतरने से धान पड़े-पड़े सड़ रहा है। समिति के सदस्य इस बात से चिंतित हैं कि अगर जल्द धान का उठाव नहीं हुआ तो शार्टेज की भरपाई कैसे करेंगे। ज्ञात हो कि जिले के उपार्जन केंद्रों में लाखों क्विंटल धान खुले आसमान में पड़े हुए हैं। इससे आने वाले दिनों में एक बार फिर शार्टेज की स्थिति बन रही है। इससे शासन को बड़े पैमाने पर आर्थिक रूप से नुकसान भी होगा। इस संबंध में समितियों के कर्मचारियों का कहना है कि सरकार द्वारा धान समर्थन मूल्य में किसानों की धान खरीदी चार फरवरी तक की गई थी, इसके बाद 28 फरवरी तक धान का उठाव हो जाना था लेकिन दो माह बीतने के बाद भी जब समिति केंद्रों से धान का उठाव नहीं हुआ।

## आज महिलाएं पुरुषों से बेहतर काम कर रही है - फूलबासन यादव




राजनांदगांव (दावा)। महिलाओं व युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से गीतांजलि सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में पद्मश्री फूलबासन यादव के मुख्य आतिथ्य में व संरक्षक सतीश भट्टड़ की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला खंडेलवाल कालोनी स्थित शिव मंदिर में आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि श्रीमती यादव ने उपस्थित महिला संगठन व महिलाओं के समूह को संबोधित करते हुए कहा की आप अपनी आत्म शक्ति को पहचाने। आप किसी से कम नहीं है। उन्होंने अपने जीवन संघर्ष की गाथा सुनाते हुए कहा की आज महिलाएं पुरुषों से बेहतर काम कर रही है। श्रीमती फूलबासन ने रोजगार के लिए बहुत से अलग अलग टिप्स भी बताए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सतीश भट्टड़ ने उपस्थितजनों से पदमश्री फूलबासन यादव से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। केंद्र व राज्य सरकार महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने काफ़ी योजनाएं चला रही है, जिसमे बड़ी मात्रा में सब्सिडी भी दी जा रही है। इसका लाभ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। संस्थान की अध्यक्ष पुष्पलता सेरूवा ने पदमश्री फूलबासन के मार्गदर्शन में महिलाओं को आगे बढ़ाने का दृढ़ संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य ही महिलाओं व युवतियों को आत्म निर्भर बना कर आगे बढ़ाने है। कार्यक्रम का संचालन क्रांति मौर्य ने किया। इस अवसर पर नरेन्द्र तायवाड़े, इंदु साहू, उषा वैष्णव, विद्या यादव, चंद्रकांता महोबिया, विमला कुंभारे, सुहासनी क्षीरसागर, रंजिता चावला, अंगदिप चावला, ममता आमदे, प्रेमाचल श्रीवास्तव साक्षी भाटिया संगीता शुक्ला सहित बड़ी संख्या में महिलाएं युवतियां उपस्थित थी।

## किराये के घर में धड़ल्ले से चल रहा था जिस्मफरोशी का धंधा, 5 महिलाओं समेत 16 लोगों को पुलिस ने दबोचा



बिलासपुर। बिलासपुर में सेक्स रैकेट का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने दबिश देकर जिस्मफरोशी के धंधे का भंडाफोड़ किया है। इस खुलासे से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से दलाल समेत पांच महिलाओं समेत 16 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया, जिनके पास से पुलिस ने 65,000 से अधिक नगद रुपये, 26 मोबाइल और कार समेत आपत्तिजनक वस्तुएं जब्त कीं। पकड़ी गई महिलाएं ज्यादातर दूसरे राज्य की बताई जा रही हैं।

दरअसल सकरी थाना क्षेत्र के अमीरी में बीते कुछ समय से किराए के मकान में जिस्मफरोशी का धंधा धड़ल्ले से चल रहा था। सकरी पुलिस की छापामारे के बाद देह व्यापार से जुड़े बड़े गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस अधिकारियों की मानें तो सकरी पुलिस को सूचना मिली कि अमेरी व आसमा सिटी में काफी दिनों से सेक्स रैकेट का अवैध धंधा चल रहा है। सूचना के आधार पर सकरी पुलिस ने अलग-अलग टीम बना कर सकरी स्थित आसमा सिटी व अमेरी के कुछ स्थानों पर दबिश दी। पुलिस ने दबिश के दौरान घटना स्थल से अलग-अलग जगहों से पांच महिलाएं समेत 16 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें - कलेक्टर



**कलेक्टर ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता के लिए अधिकारियों ली बैठक**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल की समस्या न हो इसके लिए जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम के दृष्टिगत जनसामान्य को पेयजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को समन्वित तरीके से कार्य करने कहा। उन्होंने पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल निदान करने निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों से जिले में स्थापित हैण्डपम्प एवं बोरवेल की जानकारी ली। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन तथा नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामों एवं नगरीय निकायों में हैण्डपम्प और बोर चालू हालत में रहे। जिससे लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिल सके।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पीएचई विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि गांव में जाकर ग्रामीणों से चर्चा कर समस्या का समाधान करें। ऐसे ग्राम जहां पेयजल की समस्या आ रही है उसका चिन्हांकन कर निराकरण करने के लिए जनपद सीईओ को निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में मोटर खराब हो गई, वॉल्व खराब हो गया उनका निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में पूर्व से पेयजल संबंधित समस्या ग्रीष्मकाल में आती है या भूजल का स्तर गिरता रहा है वहां पहले से सतर्कता से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। जल संरक्षण का काम लगातार करना चाहिए, जिससे ग्राउंड वाटर लेवल बढ़ेगा। जिन गांवों में पानी की समस्या है उन गांवों का चिन्हांकन उसका स्थायी समाधान निकालने कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें और पेयजल के लिए पाइप या अन्य व्यवस्था करते समय इस बात का ध्यान रखें की जनसामान्य को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि धान की खेती में अधिक पानी की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कम पानी की आवश्यकता वाले मक्का जैसे अन्य फसल लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी समीर शर्मा, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन जीडी रामटेके, कार्यपालन अभियंता नगर निगम यूके रामटेके, जनपद पंचायतों के सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ में मनाया गया श्रमिक दिवसः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रमिकों के साथ खाया बोरे-बासी



रायपुर। एक मई को श्रमिक दिवस के अवसर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर स्थित गांधी चौक में आयोजित कामगारों का सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों के साथ बोरे बासी का स्वाद चखा। सीएम साय ने श्रमिक दिवस की सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज मजदुर दिवस के अवसर पर श्रमिकों के साथ भोजन करने का मौका मिला है। सीएम विष्ण देव साय ने समारोह में संबंधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में दो साल राज्य श्रम मंत्री के रूप में काम किया। इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, पुरंदर मिश्रा और कवि सुरेन्द्र दुबे समेत अन्य भाजपा नेता-कार्यकर्त्ताओं समेत श्रमिक शामिल थे।

### एक्सीडेन्ट में घायल युवक की मौत... दो का इलाज जारी

राजनांदगांव(दावा)। डोंगरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पिनकापार के समीप शनिवार को हुए सड़क हादसे में घायल युवक सूरज निर्मलकर (18 वर्ष) निवासी ग्राम बगदई की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि ग्राम खुर्सीपार से शादी कार्यक्रम के बाद एक ही बाइक में सवार अपने गृह ग्राम जा रहे टटेंगा निवासी पितांबर साहू और उसकी पत्नी तथा उनके दो बच्चों को सामने से आ रहे तीन सवारी बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में मौके पर ही गंभीर रूप से घायल पिता और पुत्री अस्पताल पहुंचते ही रास्ते में मौत हो गई थी जबकि उनकी पत्नी और एक पुत्र घायल हो गए थे। उनका इलाज राजनांदगांव में चल रहा है। इस दुर्घटना में अन्य बाइक में सवार खूबलाल, चमन लाल व सूरज निर्मलकर भी घायल हो गये थे। इनका इलाज राजनांदगांव मेडिकल कालेज हास्पिटल में चल रहा था। इलाज के दौरान सूरज की मौत हो गई।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com